तापमान
अधिकतम 33.6 डिग्री
न्यूनतम 19.8 डिग्री

हरिभूमि
रायपुर भूमि
रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025

13 रमन बोले- आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होगा...

14 मंडी में इस बार धान 2000 रुपए से 3350 रुपए...

बीएड महाविद्यालयों के लिए नैक ग्रेडिंग की बाध्यता समाप्त, इसके बगैर भी दे सकेंगे छात्रों को दाखिले

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन ने बदले नियम, एक वर्ष पूर्व ही अनिवार्य की गई थी ग्रेडिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन अर्थात एनसीटीई ने बीएड पाठ्यक्रम के मापदंडों में बदलाव किए है। अब इस पाठ्यक्रम का संचालन करने वाले महाविद्यालयों के लिए नैक ग्रेडिंग अनिवार्य नहीं होगी। राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने बीएड कॉलेजों के लिए ग्रेडिंग की बाध्यता समाप्त करने का निर्णय लेते हुए इस सदंर्भ में सभी महाविद्यालयों को सूचित कर दिया है। नैक ग्रेडिंग की अनिवार्यता संबंधित नियम एनसीटीई द्वारा पिछले वर्ष ही लाया गया था। बीते शैक्षणिक सत्र में नियम लागू करते हुए राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद ने कहा था कि सभी महाविद्यालय, जो बीएड-डीएलएड अथवा अन्य शिक्षा पाठ्यक्रम का संचालन करते हैं उनके लिए नैक ग्रेडिंग अनिवार्य रहेगी।

एक वर्ष में ही इसमें संशोधन किया गया है। अंदरुनी सूत्रों के अनुसार, नैक ग्रेडिंग में आ रही जटिलताओं को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कुछ दिनों पूर्व ही शैक्षणिक संस्थानों को अच्छी नैक ग्रेडिंग देने के लिए रिश्वत देने का मामला सामने आया था। इसके बाद ग्रेडिंग सिस्टम को लेकर सवाल उठने लगे थे। प्रत्येक पांच वर्ष में महाविद्यालयों ग्रेडिंग की विस्तृत प्रक्रिया से गुजरने के साथ ही एक बड़ी राशि भी खर्च करनी पड़ रही थी। परिस्थितियों को देखते हुए बीएड महाविद्यालयों को राहत दी गई है।

विशेष बदलाव नहीं

जानकारी के मुताबिक, एनसीटीई के इस नियम से विशेष बदलाव नहीं दिखेगा। यूजीसी सहित सरकार और शासकीय संस्थानों द्वारा ग्रेडिंग के आधार पर महाविद्यालयों को फंड वितरित किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त विद्यार्थी महाविद्यालयों की ग्रेडिंग देखकर प्रवेश लेते हैं। बीएड महाविद्यालयों के लिए विशेष फंड की व्यवस्था नहीं है। इस कारण ग्रेडिंग होने अथवा नहीं होने से अधिक अंतर नहीं आएगी। बीएड-डीएलएड पाठ्यक्रमों की सीटें सीमित होने के कारण छात्र महाविद्यालयों की ग्रेडिंग पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। अपनी सुविधानुसार वे प्रवेश प्राप्त कर लेते हैं। इसलिए ग्रेडिंग सिस्टम समाप्त होने से महाविद्यालयीन व्यवस्था में विशेष बदलाव नहीं दिखेगा।

- बीते दिनों ही सामने आया था अच्छी नैक ग्रेडिंग के लिए रिश्वत लेने का मामला

खर्चनी पड़ती थी बड़ी राशि

ग्रेडिंग अनिवार्य होने पर प्रत्येक पांच वर्ष में बड़ी राशि खर्च करनी पड़ती थी। कई गरीब महाविद्यालयों पर इससे आर्थिक बोझ पड़ता था। अब हमें राहत की उम्मीद है।

- राजीव गुप्ता, संयोजक बीएड कॉलेज एसोसिएशन

खबर संक्षेप

नकाबपोश बदमाशों ने महिला के जेवर लूटे

रायपुर। गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में नकाबपोश बदमाशों ने बर्फ फैक्ट्री में काम करने वाली महिला की आंखों में मिर्च पावडर डालकर लूट की है। बदमाशों द्वारा महिला के सोने के जेवर लूटे जाने की पुष्टि गुढ़ियारी पुलिस ने की है। पुलिस ने आंख में मिर्च पावडर डालकर लूट की बात से इनकार किया है। टिकेश्वरी चौहान बर्फ फैक्ट्री में काम करती है। सोमवार को अज्ञात नकाबपोश बदमाश महिला के घर में घुसे और उसकी आंखों में मिर्च पावडर डालकर महिला के जेवर लूट कर मौके से फरार हो गए। महिला के साथ लूट लेबर क्वार्टर में हुई है। घटना के बाद पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की पड़ताल कर बदमाशों की पतासाजी करने की बात कह रही है। उल्लेखनीय है कि रविवार को दुर्ग जिले के बोरिद थाना क्षेत्र में खिलौरा गांव के पास अज्ञात बदमाशों ने एक सराफा कारोबारी की आंख में मिर्च पावडर डालकर जेवर से भरा बैग लेकर फरार हो गए थे। दुर्ग तथा रायपुर की घटना में एक ही ग्रुप के बदमाश शामिल हैं या कोई और, यह जांच के बाद ही पता चलेगा।

रिश्वत मामले में 28 को सुनवाई

रायपर। पांच लाख रुपए रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार सेंट्रल जीएसटी के अधीक्षक भरत सिंह तथा वाहन चालक विनय राय की सोमवार को सीबीआई की विशेष अदालत में सुनवाई हुई। दोनों आरोपियों की कोर्ट ने न्यायिक रिमांड की अवधि 28 फरवरी तक के लिए बढ़ा दी है। अभियोजन पक्ष ने कोर्ट को बताया कि रिश्वतखोरी के इस प्रकरण में कुछ अन्य लोगों के शामिल होने के इनपुट मिले हैं। उन्हें गिरफ्तार किया जाना है। इस समय मामले की जांच चल रही है।

बाइक की ठोकर लगने से मौत

रायपुर। सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पंचशील नगर में बाइक की ठोकर लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना के बाद मौके से बाइक चालक फरार हो गया। घटना रविवार की है। पुलिस के अनुसार बाइक की ठोकर लगने से मूलचंद यादव की मौत हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने पुलिस को बताया है कि बाइक सीजी 04 पीडब्लू 5374 के चालक ने लापरवाही पूर्वक बाइक चलाते हुए पैदल जा रहे मूलचंद को ठोकर मार दी।

प्रयागराज के लिए जोन से चली 56 महाकुंभ स्पेशल, हजारों यात्रियों ने किया ट्रेन में सफर

महाकुंभ के बाद भी ट्रेनों में रहेगी भीड़, 10 मार्च के बाद वेटिंग सामान्य, 28 को रायपुर से रवाना होगी स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

कल महाशिवरात्रि के साथ प्रयागराज में महाकुंभ का समापन हो जाएगा, लेकिन यात्रियों को ट्रेनों में भीड़ का सामना 10 मार्च तक करना होगा। आज सारनाथ एक्सप्रेस के रद्द होने से रायपुर से प्रयागराज जाने वाली एकमात्र ट्रेन बरौनी एक्सप्रेस रवाना होगी, जिसमें भारी भीड़ की संभावना है। यात्रियों की बुकिंग बढ़ने के कारण रेलवे ने पहले ही बुकिंग बंद कर दी थी। इस ट्रेन में वेटिंग लिस्ट में भी लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही थी और तत्काल टिकट भी वेटिंग के साथ बुक हो चुके थे। महाकुंभ खत्म होने के बाद भी कई यात्री प्रयागराज जाने के लिए योजना बना रहे हैं, जिसके कारण ट्रेनों में वेटिंग की स्थिति बनी ▶▶ शेष पेज 13 पर

सारनाथ और नौतनवा एक्सप्रेस से यात्री हुए परेशान

महाकुंभ के अंतिम दिनों में रेलवे द्वारा सारनाथ और नौतनवा एक्सप्रेस को रद्द किए जाने से हजारों यात्री महाकुंभ से वंचित रह गए। कई यात्रियों की दूसरी ट्रेनों में बुकिंग की गई, लेकिन अधिकतर को कन्फर्म टिकट नहीं मिल पाया। इन दोनों महत्वपूर्ण ट्रेनों के रद्द होने से प्रयागराज जाने वाले यात्रियों को समस्याओं का सामना करना पड़ा। अगर रेलवे इन ▶▶ शेष पेज 13 पर

महाशिवरात्रि में महाकुंभ जाने आज एक ही ट्रेन की सुविधा, भीड़ कम करने बंद करनी पड़ी बुकिंग

- 28 फरवरी को रायपुर से गुजरेगी कुंभमेला स्पेशल ट्रेन
- प्रत्येक ट्रेन में लगभग हजार यात्री प्रतिदिन प्रयागराज पहुंचे

भीड़ नियंत्रित करने 24 घंटे पहले ऑनलाइन बुकिंग हुई बंद : महाकुंभ में शामिल होने के लिए महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या में भारी बढ़ोतरी के कारण रेलवे को 12 से 24 घंटे पहले ऑनलाइन बुकिंग बंद करनी पड़ी। दो प्रमुख ट्रेनें, सारनाथ और नौतनवा एक्सप्रेस के रद्द होने के बाद, बरौनी एक्सप्रेस में यात्रियों का दबाव इतना बढ़ गया कि रेलवे ने 25 फरवरी को सफर करने वाले यात्रियों के लिए ऑनलाइन बुकिंग दोपहर के समय ही बंद कर दी। रेलवे ने यह कदम यात्रियों को आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए लिया, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके।

महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों से यात्रियों को मिला लाभ

महाकुंभ के दौरान रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए 56 स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया, जिनमें से 28 ट्रेनें रायपुर मंडल से चलीं। रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्टेशनों से हजारों यात्रियों ने इन स्पेशल ट्रेनों का सफर कर प्रयागराज पहुंचकर महाकुंभ के धार्मिक आयोजन का हिस्सा बने। जानकारी के अनुसार, सारनाथ, बरौनी और नवतनवा एक्सप्रेस के साथ-साथ महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों में लाखों यात्रियों ने 47 दिनों में सफर किया। प्रत्येक ट्रेन में लगभग हजार यात्री प्रतिदिन प्रयागराज पहुंचे। इन 56 स्पेशल ट्रेनों में भिलाई, दुर्ग, डोंगरगढ़, ▶▶ शेष पेज 13 पर

प्राचार्यों ने की आपत्ति तो रविवि ने संशोधित की समय-सारिणी

ग्रुप व प्रश्नपत्र क्रमांक को लेकर था असमंजस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि समय-सारिणी संशोधन में बीते वर्ष बनाया गया अपना ही रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी में है। रविवि द्वारा पिछले वर्ष वार्षिक परीक्षा की समय-सारिणी में रिकॉर्ड पांच बार संशोधन किए गए थे। इस बार भी शनैः शनैः रविवि इस दिशा में आगे बढ़ रहा है। सोमवार को रविवि ने ▶▶ शेष पेज 13 पर

- तिथियों में परिवर्तन नहीं, ग्रुप क्रमांक और प्रश्नपत्र क्रमांक में ही किया गया संशोधन

बीकॉम व बीसीए में हुए ये बदलाव

- 26 मार्च को होने वाले ग्रुप-2 के प्रिंसिपल्स ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट द्वितीय के स्थान पर इसे ग्रुप-3 के प्रिंसिपल्स ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट प्रथम किया गया है।
- 29 मार्च को होने वाले ग्रुप-3 के बिजनेस स्टेटिक्स- प्रथम के स्थान पर ग्रुप-3 बिजनेस स्टेटिक्स-द्वितीय पढ़ा जाएगा।
- 2 अप्रैल को होने वाले ग्रुप-3 के फंडामेंटल्स

शराब दुकानों में दो बोतल से ज्यादा नहीं बेची जा रही

शराब की जितनी बोतल चाहिए, दुकानों में मिल रही, लिमिट खत्म, अब अनलिमिट

खबर का असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आबकारी अफसरों ने मौखिक आदेश ग्राहकों को उनकी मांग के अनुरूप शराब बेचे जाने का जारी किया है। इसकी हरिभूमि की टीम ने स्टिंग कर पुष्टि कर खबर प्रकाशित की। खबर प्रकाशित होने के बाद आबकारी विभाग के अफसर सकते में आ गए। सोमवार को अफसरों ने सभी शराब दुकान के सुपरवाइजर को तय लिमिट से ज्यादा शराब नहीं बेचे जाने आदेश जारी किया है। स्थानीय के साथ पंचायत चुनाव के दौरान शराब की खपत बढ़ गई थी। राज्य में एक व्यक्ति को एक बार में एक से ज्यादा बोतल शराब नहीं बेचे जाने शासन ने नियम बनाया है। ऐसे में प्रत्याशियों को शराब उपलब्ध कराने शराब माफिया सक्रिय हो गया था।

दुकानों में बरती जा रही सख्ती

हरिभूमि की टीम दूसरे दिन पड़ताल करने अलग-अलग शराब दुकान शराब लेने पहुंची, तो दुकान में काम करने वाले सेल्समैन ने दो बोतल से ज्यादा शराब नहीं देने की बात कही। इसी तरह से बीयर भी तीन बोतल से ज्यादा नहीं दे पाने की बात कही। ज्यादा शराब देने सेल्समैन ने असमर्थता जताई।

दवा घोटाला, मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी की न्यायिक रिमांड बढ़ी

- रीएजेंट घोटाले में 28 जनवरी को ईओडब्लू ने किया था गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

स्वास्थ्य विभाग और सीजीएमएससी में हुए अरबों के घोटाले में फंसे मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी शशांक गुप्ता की न्यायिक रिमांड 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। मामले में अन्य लोगों की संलिप्तता का पता लगाने के लिए ईओडब्लू की जांच अभी जारी है। इन्वेस्टीगेशन टीम ने उसे 28 जनवरी को गिरफ्तार किया था और पूछताछ पूरी होने के बाद जेल भेज दिया था। हमर लैब में उपकरण और रीएजेंट सप्लाई के नाम पर दवा कार्पोरेशन और स्वास्थ्य संचालनालय के अफसरों की मिली भगत के बाद महाघोटाले की साजिश रची गई। बाद में सप्लायर एजेंसी को बड़ा आर्डर करते हुए रीएजेंट उन स्वास्थ्य केंद्रों में भेज दिए गए, जहां उसकी जरूरत ही नहीं थी और ना ही उसके रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था थी। घोटाला खुलने ▶▶ शेष पेज 13 पर

अगले माह भी खराब होगा केमिकल

घोटाले के तहत स्वास्थ्य केंद्रों में सप्लाई किए गए रीएजेंट एक निर्धारित अवधि के बाद खराब होने लगता है। प्रकरण में करोड़ों के रीएजेंट एक्सपायर हो चुके हैं और मार्च तक इसके खराब होने का दौर रहेगा। सूत्रों का कहना है कि मामला न्यायालय में लंबित होने की वजह से इससे संबंधित रीएजेंट का उपयोग भी नहीं किया जा सकता।

भालू की मौत को लेकर सफारी प्रबंधन पर लीपापोती करने का आरोप

नागालैंड से भालू लाने का वीडियो आया सामने ढाई मिनट जांच के बाद गाड़ी को जाने दिया

वीडियो में जिम्मेदार गायब दिख रहे लापरवाही की वजह से भालू की मौत होने की बात सामने आ रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

नागालैंड जू से जंगल सफारी लाए जा रहे दो हिमालयन भालू में से एक की रास्ते में मौत होने का कारण भालू लेने गए जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही बरतने की बात सामने आई है। पश्चिम बंगाल में एक जगह भालू ला रहे वाहन को रोके जाने का वीडियो सामने आया है। गाड़ी को जहां रोका गया था, मौके पर वाहन चालक के साथ एक फारेस्ट गार्ड ▶▶ शेष पेज 13 पर

हिमालयन भालू ने रास्ते में तोड़ा दम, जंगल सफारी में 15 दिनों में सात साही की मौत भी

गाड़ियों में लगे हैं सीसीटीवी

वन्यजीव प्रेमी के अनुसार गर्मी लगने से भालू की मौत नहीं हुई होगी, उसकी तबीयत धीरे धीरे खराब हुई होगी। छत्तीसगढ़ वन विभाग के वन प्राणियों को लाने ले जाने वाले वाहनों में सीसीटीवी लगे हुए हैं। इसका लिंक सामने वाहन चला रहे ड्राइवर, डॉक्टर, उच्च अधिकारियों सहित प्रधान पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ तक को दिया जाता रहा है।

गर्मी से मरने की बात भी गलत

वन्यजीव प्रेमी नितीन सिंघवी के मुताबिक जहां तक गर्मी से भालू मरने की बात है वन विभाग का यह दावा खोखला है, क्योंकि उत्तर पूर्व से लेकर छत्तीसगढ़ तक ऐसी गर्मी नहीं पड़ रही कि भालू की मौत गर्मी से हो जाए। असम से वर्ष 2014 की तेज गर्मी में ट्रेन से भालू लाये गए थे। 12 घंटे हावड़ा में ट्रेन रुकी रही तब कोई भी भालू नहीं मरा था।

डॉक्टर के फ्लाइट से आने की बात सामने आ रही

जानकारी के मुताबिक दो डॉक्टर भालू लेने नागालैंड गए थे। इनमें से एक वन्यजीव चिकित्सक नागालैंड जाते समय फ्लाइट से नागालैंड पहुंचा। लौटते समय जो सड़क मार्ग से नागालैंड गया था, वह वापसी में फ्लाइट से रायपुर आया। ऐसे में सवाल उठता है कि भालू लेने ट्रांसपोर्टिंग वाहन को छोड़ अन्य दो वाहन नागालैंड भेजने की क्या जरूरत थी।

खबर संक्षेप

न्योता भोज में बच्चों को खीर और पूरी परोसी गई

आरंग। शासकीय प्राथमिक शाला पारागांव में सोमवार को एसएमडीसी हाई स्कूल पारागांव अध्यक्ष गोविंद पटेल ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों को खीर, पुरी व मिठाई खिलाकर न्योता भोज कराया। इस अवसर पर सरपंच दीपे"वरी नारायण पाल, नवनिर्वाचित सरपंच अंजू शशिकांत बंजारे, राधे निशाद, सोनू साहू, हरिश सोनकर, लखन कुंभकार, जीतू पाल, सदाराम पटेल, प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक सहित शिक्षकगण उपस्थित थे।

पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने सीखी पॉडकास्ट की बारीकियां

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में टॉक पॉडकास्ट विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कीर्ति सिसोदिया ने कहा कि, कहानी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हर व्यक्ति के पास कहने के लिए कोई न कोई कहानी होती है। पॉडकास्ट स्टोरीटेलिंग का ही एक रूप है, जो डिजिटल माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचता है। विशिष्ट वक्ता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक प्रो. मनीषा शर्मा ने भारत में स्टोरीटेलिंग की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश में यह प्राचीन काल से चली आ रही है। मुख्य वक्ता डॉ. सिसोदिया ने सवालों का उत्तर देते हुए पॉडकास्टिंग से जुड़े व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र शर्मा, अतिथि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

विधानसभा सत्र में पहुंचे देवेंद्र

रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में भाग लिया।

उन्होंने कहा, जब मैं जेल में था, तब शीत सत्र का लाइव प्रसारण देखा करता था। अब मुझे फिर से सदन में शामिल होने का अवसर मिला है और मैं क्षेत्र की जनता के मुद्दों को उठाऊंगा। उन्होंने अपनी राजनीतिक भूमिका पर कहा, पार्टी ने उन्हें बिहार का प्रभारी बनाया है, जहां चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, पार्टी जब जो जिम्मेदारी देगी, मैं उसे निभाने के लिए तैयार हूं। हम सरकार की कमियों को जनता तक पहुंचाने का काम करते रहेंगे।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में निकाय चुनाव में हार पर भी बात

रायपुर। विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियों के लिए हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधानसभा की तैयारियों के अलावा नगरीय निकायों के चुनाव में पार्टी को मिली हार पर भी बात हुई है। बताया गया है कि इस बैठक में यह बात हुई कि निकाय चुनाव में मिली हार के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज अकेले जिम्मेदार नहीं है। हार की जिम्मेदारी उन सभी नेताओं के हिस्से भी है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्याशी लड़ाए। सूत्रों के अनुसार चुनाव की चर्चा के दौरान ये बात हुई कि कई जगहों पर भाजपा ने ये प्रचार किया कि महतारी वंदन की राशि बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी जाएगी। जो अभी एक हजार रुपए मिलती है। कुछ जगहों पर ये कहा गया कि अगर भाजपा प्रत्याशी को हराया गया तो महतारी वंदन की राशि 1 हजार रुपए भी बंद हो जाएगी।

प्रवचन : भगवान की भक्ति में विश्वास और श्रद्धा का होना अति आवश्यक

बिना भक्ति के भगवान का सांनिध्य कदापि प्राप्त नहीं होगा : पं. नंदकुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

तिल्दा के समीपस्थ ग्राम जोता मे चल रही श्री शिव महापुराण कथा के तृतीय दिवस सोमवार को कथा वाचक आचार्य नंदकुमार शर्मा, निनवा वाले ने शिव सती चरित्र कथा का वर्णन किए। उन्होंने बताया कि भगवान शंकर अपनी पत्नी सती को साथ लेकर राम कथा सुनने के लिए अगस्त मुनि के आश्रम पर जाते है।

भगवान भोलेनाथ एकाग्रचित होकर मन लगाकर भगवान की कथा सुनते है लेकिन माता सती का ध्यान कथा मे नही होने के कारण उन्हें भगवान राम के ऊपर शंका हो गई कि ये पारब्रह्म परमात्मा राम नहीं है केवल दशरथ पुत्र राम है। आचार्य जी ने कहा कि जो मनुष्य भगवान की कथा को ध्यान पूर्वक मन लगाकर नहीं सुनता है उसे भगवान और उनकी लीलाओं मे संदेह अवश्य होता है जिनका परिणाम बड़ा ही गंभीर हो जाता है। माता सती ने शंका किए जिसके कारण आगे चलकर अपने पिता राजा दक्ष के यज्ञ मे हवन कुंड मे अपने शरीर जलाकर प्राणांत कर ली।

कथा जान सकते है पर भक्ति कृपा से मिलती है

आचार्य जी ने बताया कि भगवान की चरित्र कथा को पुस्तक से पढ़ने से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त हो सकता है लेकिन भक्ति नहीं मिलती. जब तक भगवान की कथा को मन लगाकर श्रवण नहीं करेंगे तब तक भक्ति नहीं मिलती और जब तक भक्ति नहीं आएगी तब तक किसी को भी भगवान मिलने वाला नहीं है। बिना भक्ति भगवान का सानिध्य प्राप्त नहीं होगा। भगवान को जिस भाव से देखोगे, वो वैसे ही नजर आएंगे। भावपूर्ण भक्ति करने वाले भक्तों पर वे हमेशा कृपा करते हैं। आगे आचार्य जी ने जालंधर वध की काठ सुनाते हुए कहा कि भगवान भोलेनाथ के पसीने से ही जालंधर का जन्म होता है जिनकी पत्नी का नाम बृंदावती है। बृंदावती के सतीत्व के कारण जालंधर को कोई नहीं मार सकता था लेकिन एक बार भगवान नारायण ने जालंधर कर रूप बनाकर बृंदावती के सतीत्व का नष्ट किए उसी समय भगवान शंकर ने जालंधर का वध किया और संसार को उनके अत्याचार से मुक्त किए। आगे आचार्य जी पार्वती जन्म और शिव पार्वती विवाह प्रसंग की व्याख्या किए। आचार्य जी ने कहा कि माता पार्वती भगवान शंकर को पति रूप मे प्राप्त करने के लिए कई वर्षो तक तपस्या की जिनसे भगवान शंकर प्रसन्न हुए और उन्हें पत्नी रूप मे स्वीकर करने का आशिर्वाद दिया. आचार्य शर्मा जी ने कहा कि भगवान शंकर विश्वास का प्रतीक है और पार्वती जी श्रद्धा का प्रतीक है. तात्पर्य यही है भगवान की भक्ति और पूजा मे श्रद्घा और विश्वास का होना अति आवश्यक है। भगवान शंकर और पार्वती विवाह प्रसंग मे सुन्दर झांकी प्रस्तुत की गई जिसे देखकर सभी श्रद्धालू गण रोमांचित और आनंदित हो उठे। सभी लोग विवाह झूम उठे. शिव पुराण की कथा सुनने श्रोताओ की अपार भीड़ बड़ती जा रहीं है।

रायखेड़ा स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

आत्मानंद हिंदी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय रायखेड़ा में शनिवार को कक्षा 12वीं के छात्रों को भावभीनी विदाई दी गई ।इस अवसर पर कक्षा 12वीं के छात्र-छात्राओं द्वारा अनेक रोचक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पूजा अर्चना पश्चात किया गया।कार्यक्रम में भाषण, शायरी, आंख बंद करके गुब्बारा ढूंढना, गिलास गिराना, महल बनाना जैसे मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य श्री जी के वर्मा ने छात्र-छात्राओं को आने वाली परीक्षा में अच्छी मेहनत एवं लगन से परीक्षा की तैयारी करने की अपील की। साथ-साथ आगे बताया कि सफलता की कोई शार्टकट रास्ते नहीं होते हैं। जो भी व्यक्ति मेहनत करते हैं उन्हें ही सफलता का मार्ग प्रशस्त होता है। व्याख्याता श्री जितेंद्र वर्मा ने बच्चों को परीक्षा से डरने की नहीं बल्कि परीक्षा को एक त्यौहार के भांति तैयारी करने की बात कही। परीक्षा के समय खान-पान पर विशेष ध्यान रखने तथा सोशल मीडिया से दूरी बनाकर एकाग्रता के साथ अध्ययन करने का सलाह विद्यार्थियों को दी गई । इस अवसर पर स्मृति दबडघाव, ज्योति कश्यप, मोती सिंह ध्रुव, सरिता वर्मा, निक्की अग्रवाल,नीलम वर्मा, श्रुचि पांडे , अन्नू वर्मा, गीतांजलि मरकाम दिव्या वर्मा सहित छात्र छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थे।

कांग्रेस सरकार की कमियां उजागर करेगी, भाजपा देगी करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- भाजपा और कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति मोदी की गारंटी हुई फेल : डॉ. महंत

विधानसभा के बजट सत्र के लिए रणनीति बनाने कांग्रेस और भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कांग्रेस ने सदन में हंगामा करने के बजाय सरकार की कमियां उजागर कर सच्चाई सामने लाने की रणनीति बनाई। वहीं भाजपा ने विपक्ष के हर सवाल का करारा जवाब देने की रणनीति तैयार की है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष के निवास पर हुई। वहीं भाजपा विधायक दल की बैठक नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुई।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने की। उन्होंने विधायक दल की बैठक खत्म होने के बाद बताया कि सरकार ने पिछले बजट में जो बातें कही थी, उसे धरातल पर उतार नहीं पाए। पीएम आवास योजना हो या आदिवासियों को योजनाओं को लाभ देने का मामला हो, पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, सरकार को पूरी गंभीरता के साथ घेरेंगे। हम पूरी ताकत के साथ सदन में मुद्दे उठाएंगे और सड़क पर सरकार को घेरने के लिए अलग से रणनीति पर भी आज चर्चा हुई है। उन्होंने कहा, विपक्ष हंगामा नहीं करेगा, बल्कि सरकार की कमियां उजागर कर सच्चाई सामने लाएगी।

जनता को दिखाया लालीपाप : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा, साय सरकार के कार्यकाल का यह दूसरा बजट पेश हो रहा है। 16 माह पहले छत्तीसगढ़ की जनता को मोदी की गारंटी का लालीपाप दिखाकर एक साल में वादा पूरे करने का झूठा सपना दिखाकर प्रदेश की सत्ता हासिल की थी। उसमें से कुछ को पहले बजट में शामिल कर पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। मोदी की गारंटी के अनुरूप भाजपा द्वारा एक भी बादा पूरा अब तक नहीं हुआ।

विपक्ष के हर सवाल का देगी जवाब : साव

भाजपा विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विधायकों से कहा, विपक्ष के सवालों का तर्क पूर्ण जवाब सदन में दिया जाएगा। सदन में लगाए जाने वाले आरोप-प्रत्यारोप का जवाब तथ्यों के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास करेंगे। वहीं सभी विधायकों को सदन में प्रतिदिन उपस्थित रहने कहा गया है। सदस्यों को बजट और अन्य विभाग अनुदान मांगों पर पूरे अध्ययन के साथ आने की हिदायत दी है। सदन में ध्यानाकर्षण, स्थगन और अन्य मुद्दों पर तैयारी के साथ जवाब देंगे।

शपथ ग्रहण से पहले सक्रिय हुए आरंग नपाध्यक्ष डॉ. संदीप जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

युवा एवं खेल संगठन द्वारा संचालित सभी खेल क्लबों के खिलाड़ियों से आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, पार्षदगण तथा पार्षद प्रतिनिधियों ने मुलाकात की। आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने जनप्रतिनिधियों को खेल गतिविधियों से अवगत करवाते हुए बताया कि हाल ही में ग्वालियर में अयोजित सब जूनियर बालक–बालिका राष्ट्रीय रग्बी फुटबॉल चैपियनशिप में आरंग रग्बी फुटबॉल क्लब के गगन धुरंधर, पवन साहू, गुंजन वर्मा, एतेश्वरी पाल ने नेतृत्व किया।

कवर्धा में अयोजित राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका कबड्डी चैंपियनशिप में जया धुरव, मुस्कान साहू ने नेतृत्व किया। ग्वालियर में अयोजित राष्ट्रीय व्हील चेयर क्रिकेट चैंपियनशिप में आरंग क्रिकेट क्लब के अनुज साहू, पोषण धुरव ने नेतृत्व किया। महाराष्ट्र में अयोजित राष्ट्रीय मोंटेक्स बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप में आरंग क्रिकेट क्लब के अंडर 14 में अक्षत साहू, वीर मानिकपुरी, अंडर 17 में गोपी पाल, 19 वर्ष से अधिक में मनीष सोनकर, सोमनाथ लोधी महिला वर्ग में रेणुका साहू, सुधा वर्मा ने नेतृत्व करते हुऐ उपविजेता की ट्रॉफी हासिल किया। राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुऐ भारतीय मोंटेक्स बॉल क्रिकेट टीम में जगह बनाई और वर्ल्ड मोंटेक्स बॉल क्रिकेट चैपियनशिप में भाग लेंगे साथ ही मैदान का निरीक्षण कर खिलाड़ियों को होने वाले परेशानियों से अवगत कराया। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा खेल क्षेत्र में सक्रियता दिखाते हुए सदैव सहयोग करने और परेशानियों का निराकरण करने की बात कही और सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित कर बधाई दी गई।

इस अवसर पर आरंग नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन, वरिष्ठ नेता वेदराम खूंटे, पार्षद पुष्कर साहू, संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि डॉ. तोषण साहू, विक्रम परमार, राकेश सोनकर, खिलेश धुरंधर, आरंग युवा एवं खेल संगठन उपाध्यक्ष लोकेश साहू सभी सदस्य और खिलाड़ी उपस्थित थे।

जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव कराएंगे कलेक्टर, आयोग का काम हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- अभी आधिकारिक घोषणा और नोटिफिकेशन होना बाकी
- हर जिले में कलेक्टर अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे

छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होने के साथ ही अब राज्य निर्वाचन आयोग का काम लगभग पूरा हो गया है। अब राज्य के जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होना है। बताया गया है कि जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा होने और उसका नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जिलों में जिला कलेक्टर जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे।

आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है

राज्य में तीन चरणों में हुए पंचायतों के चुनाव की जो जानकारियां अभी सामने आ रही हैं वह राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक परिणाम घोषणा नहीं है। बताया गया है कि राज्य के सभी जिलों से जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणामों का टेबुलेशन किया जाएगा। इसके बाद आयोग परिणाम की आधिकारिक घोषणा करेगा। यह काम अभी आयोग के हिस्से में बाकी है। बताया गया है कि आधिकारिक परिणाम जारी होने के बाद पंचायत विभाग के माध्यम से उसका नोटिफिकेशन कराया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला कलेक्टर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया कराएंगे।

ऐसे चुने जाएंगे जिला पंचायत अध्यक्ष

पंचायत चुनाव के जानकारों के अनुसार जिला पंचायत सदस्य चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जिला कलेक्टर अपने अपने जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। इस काम के लिए जिला कलेक्टर दिन निश्चित करने के बाद सभी जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित कर उनके बीच अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। अध्यक्ष पद के जिस प्रत्याशी को सबसे वोट मिलेंगे, वही अध्यक्ष निर्वाचित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की कोई भूमिका नहीं होगी। यह पूरा काम कलेक्टरों के हिस्से का होगा।

देशभर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 4 और 5 मार्च को देश के सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में देशभर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ाने, चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका और आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का यह पहला सम्मेलन है।

साय ने कहा- विकसित राज्य के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका

सम्मान निधि में छत्तीसगढ़ के 25.95 लाख किसान हुए लाभान्वित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमत्री विष्णुदेव साय ने कहा, अन्नदाताओं का सम्मान मां अन्नपूर्णा के सम्मान की तरह है। किसानों की समृद्धि से ही मजबूत ग्रामीण विकास का आधार तैयार हुआ है और शहरी अर्थव्यवस्था भी इससे बेहतर हुई है। अन्नदाताओं के श्रम से मिली शक्ति और उत्साह से ही हम छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत बनाने में किसानों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित भी किया। चौदह महीनों के अंतराल में हमने किसान भाइयों के खाते में करीब एक लाख करोड़ रुपए भेजा है। अन्नदाताओं को अच्छा मूल्य मिलने से उनके जीवन खुशहाली आयी है। किसान आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं।

कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अब तक 9712 करोड़ 58 लाख रुपए की सम्मान निधि प्रदेश के किसानों को दी जा चुकी है। वर्ष 2023-24 की तुलना में 2 लाख 75 हजार से अधिक किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिला है। योजना का लाभ हमारे 2 लाख 34 हजार वन पट्टा धारी किसानों और 32 हजार 500 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को भी मिल रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के किसान भाइयों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल किया गया।

सरकार ने वादा किया पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों को पीएम मोदी ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी दी थी। हमारी सरकार ने यह वायदा निभाया है। साथ ही किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की गारंटी भी दी गई थी। शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही हमने 13 लाख किसानों के खाते में बोनस की 3716 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी थी। पिछली बार हमने 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की।

ये थे मौजूद

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वनोषधि बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय कुलपति गिरिश चंदेल, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, कृषि विभाग के संचालक डॉ सारांश मित्तर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके लिए उनका जोर उद्यानिकी फसलों, फसल विविधीकरण तथा पशुपालन पर भी है। हम उद्यानिकी तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने विशेष कार्य कर रहे हैं। साथ ही पशुपालन को प्रोत्साहन देते हुए दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एनडीडीबी के साथ हमने एमओयू भी किया है। इससे दुग्ध क्रांति की दिशा में प्रदेश अग्रसर हो गया है। हमारी सरकार लगातार किसानों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों के खाते में दस-दस हजार रुपए की राशि भी हमने दी है।

---

4 से 6 तक बन जाएंगे निगम के सभापति

निगमों के सभापति और पालिका, नगर पंचायतों के उपाध्यक्षों के नामों का पैनल बनाएंगे पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी सफलता के बाद अब भाजपा की सभी नगर निगमों में सभापति, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष बनाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में हुई बैठक में तय किया गया है, 4 से 6 मार्च तक नगर निगमों के सभापति, नगर पालिकाओं के उपाध्यक्ष और 9 से 11 मार्च तक नगर पंचायतों के उपाध्यक्ष तय हो जाएंगे।

सभी पर्यवेक्षकों को अपने-अपने जिम्मे वाले निकाय में जाकर वहां पर सभी से रायशुमारी करके एक मार्च तक नामों का पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को देने के निर्देश दिए गए हैं। निगमों के जोन अध्यक्षों के साथ एमआईसी के संभावित नामों की सूची भी संगठन को पर्यवेक्षक देंगे। इसके बाद प्रदेश संगठन नामों का ऐलान करेगा।

ठाकरे परिसर में प्रदेश संगठन की बैठक में सभी निकायों के पर्यवेक्षकों, संभाग और जिलों के प्रभारियों के साथ जिला अध्यक्षों को बुलाकर निकाय चुनाव को लेकर बड़ी बैठक की गई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री और डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी की उपस्थिति में बैठक में पर्यवेक्षकों को बताया गया कि उनको क्या करना है।

तीन-तीन नामों का बनेगा पैनल

भाजपा को सभी नगर निगमों में जीत मिली है। ऐसे में सभी में भाजपा के सभापति बनने तय हैं। सभापति के नाम तय करने के लिए पर्यवेक्षकों को सभी पार्षदों से रायशुमारी करके तीन-तीन नामों का पैनल बनाने के लिए कहा गया है। इसी के साथ निगमों में जोन अध्यक्षों के लिए भी नामों का पैनल बनेगा। इसके अलावा निगमों में बनने वाली एमआईसी के संभावित नामों की सूची भी पर्यवेक्षक बनाएंगे। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के लिए उपाध्यक्षों के नामों का पैनल पर्यवेक्षक बनाकर प्रदेश संगठन को देंगे। इसी के साथ प्रेसिडेंट इन काउंसिल के संभावित सदस्यों के लिए भी नामों की सूची रायशुमारी करके बनाकर देंगे।

वादे करेंगे पूरे : मुख्यमंत्री साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा, यह जीत हमारे शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। प्रदेश के हर कोने में हमने विकास कार्य शुरू किए हैं। हमारे रोड शो में जैसी भीड़ उमड़ रही थी उससे ही जीत का विश्वास हो गया था। हमारे वरिष्ठ नेता शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का भी लागतार मार्गदर्शन मिलता रहा।

राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा- अब प्रदेश को ट्रिपल इंजन की सरकार मिल गई है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र राज्यपाल रमेन डेका के अभिभाषण के साथ शुरू हुआ। राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा, विकसित छत्तीसगढ़ बनने की दिशा में प्रदेश की साय सरकार कड़ी मेहनत कर रही है। ये साल छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का सिल्वर जुबली वर्ष है।

राज्यपाल ने कहा छत्तीसगढ़ में बीते 25 सालों में बड़े काम हुए। कुछ सालों में बाधा और कमजोर प्रगति के बावजूद विकास फिर से शुरू हुआ। साय सरकार ने पेंडिंग प्रोजेक्ट को फिर शुरू करते हुए सुस्त पड़ी इकोनॉमी को संजीवनी देने का काम शुरू किया। राज्यपाल ने कहा, सरकार ने एक साल पूरा कर लिया है, इस मौके पर जनादेश पर्व मनाया और जनता को अपने सालभर का लेखा जोखा दिया। नगरीय निकाय में नई निर्वाचित सरकार चुनी गई है।

अब प्रदेश को ट्रिपल इंजन की सरकार मिल गई है। केंद्र, राज्य और स्थानीय निकायों में बेहतर समन्वय के साथ बेहतर परिणाम देखने को मिलेगा। छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय निकायों में मेयर और प्रेसिडेंट के लिए प्रत्यक्ष निर्वाचन की प्रक्रिया फिर से शुरू की, इसके चलते जनता को मेयर चुनने का मौका मिला। राज्यपाल ने कहा, आदिवासियों को वनोपज का अच्छा मूल्य मिल रहा है। सुरक्षाबलों के जवानों के एक्शन और एरिया डोमिनेशन से बस्तर में नक्सलवाद आखिरी सांस ले रहा है।

किसान हितैषी नीति के कारण किसानों की संख्या बढ़ी

राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा, इस खरीफ वर्ष में अलग-अलग योजनाओं के जरिए किसानों के खाते में 52 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि ट्रांसफर की गई है। 1 लाख करोड़ की राशि भी किसानों के खातों में जारी की। किसानों से 3100 रुपये समर्थन मूल्य के हिसाब से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदा गया। इस साल धान खरीदी ने रिकॉर्ड बनाया। 25 लाख 49 हजार किसानों से 149 लाख 25 हजार मीट्रिक टन धान खरीदा गया। भूमिहीन किसानों के लिए दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत इस साल 5 लाख 65 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों को 10-10 हजार रुपये दिए गए। किसान सम्मान निधि से 24 लाख 31 हजार से ज्यादा किसान लाभान्वित हो रहे हैं। किसान हितैषी नीति के चलते राज्य में किसानों की संख्या बढ़ी है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ लेने वाले किसानों की संख्या 25 लाख 9 हजार 514 हो गई है। योजना से लाभान्वित होने वाले 77 हजार 500 से ज्यादा नए किसान जुड़े हैं।

छत्तीसगढ़ शक्ति पूजा का केंद्र

छत्तीसगढ़ शक्ति पूजा का केंद्र है, इसके तहत महिलाओं के विकास के लिए हमने काम किया है। हर महीने महतारी योजना का लाभ दिया जा रहा है। हर महीने की पहली तारीख को 1 हजार रुपये 69 लाख 54 हजार महिलाओं के खाते में दी जाती है। माता बहनों के लिए ये 1 हजार रुपये की राशि बहुत मायने रखती है। छत्तीसगढ़ में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं, इसको लेकर छत्तीसगढ़ में पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार भी खूब मिल रहा है। बस्तर और सरगुजा के क्षेत्र में पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ी है, जो हमारी सरकार की उपलब्धि है।

प्रदेश की इकोनॉमी आगे बढ़ी

सेल्फ हेल्प ग्रुप का काम भी आगे बढ़ाया जा रहा है। आसान शर्तों पर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। छत्तीसगढ़ महिला कोष से 42 हजार 258 स्वसहायता समूहों को 122 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई। सेल्फ हेल्प ग्रुप को आगे बढ़ाने से प्रदेश की इकोनॉमी आगे बढ़ रही है। सरकार ने वर्किंग सेंटर बनाया है, जिसके कारण युवाओं को बहुत सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।

राज्य में 24 घंटे सातों दिन दुकान खोली जा सकती

राज्यपाल रमेन डेका ने कहा, जो लोग नक्सली थे और मुख्य धारा में जुड़ रहे हैं, वैसे लोगों को उद्यम बनाने के लिए विशेष सहायता देने का प्रावधान रखा गया है। हमने व्यवसायियों को विशेष सहायता और राहत देने की बात की है, इसके तहत राज्य में 24 घंटे सातों दिन दुकान खोली जा सकती है। गुरु घासीदास टाइगर रिजर्व देश का तीसरा सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है, इसको लेकर हमारी सरकार ने तेजी से काम किया है। छत्तीसगढ़ देश के सबसे सुंदर राज्यों में आता है।

यात्री ट्रेनें और विकास के काम बंद : भूपेश

इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राज्यपाल के अभिभाषण के बीच में टोकने लगे। उन्होंने कहा, राज्यपाल महोदय यात्री ट्रेनें सभी बंद हैं। हजारों की तादाद में यात्री ट्रेनें बंद हैं। विकास के काम भी बंद हैं। उन्होंने कहा, सरकार की जिन भी योजनाओं को बारे में बताया जा रहा है, ये सब हमारे कार्यकाल की हैं। सिर्फ महतारी वंदन योजना को छोड़ दो, तो सब कांग्रेस कार्यकाल की योजनाएं हैं। पूर्व सीएम की बात पर ध्यान ना देते हुए राज्यपाल ने अपना अभिभाषण जारी रखा। अभिभाषण के अंत में उन्होंने कहा, पूरे मंत्रिमंडल ने राज्यपाल से असत्य कथन करवाया है। किसी गरीब को 10 हजार रुपए नहीं मिले।

अभिभाषण पर कृतज्ञता ज्ञापन

वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक ने राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर प्रस्ताव रखा कि सदन के सभी सदस्य इसके लिए कृतज्ञ हैं। उनका समर्थन भाजपा विधायक किरण सिंहदेव ने किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अभिभाषण पर 27 और 28 फरवरी की तिथि चर्चा के लिए निर्धारित की।

सरकार रोजगार देने के लिए संकल्पित

रायपुर को आसपास को स्पेशल कैपिटल रीजन के रूप में विकसित किया जा रहा है। साथ ही नया रायपुर में लाइवली केंद्र की स्थापना किया जा रहा है। नया रायपुर में आईटी आधारित रोजगार सृजन के लिए लगातार काम किया जा रहा है। अटल नगर नया रायपुर में सेंटर बनाया जा रहा है। फार्मास्युटिकल हब भी बनाया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए भर्ती प्रक्रिया चल रही है। हमारी सरकार रोजगार देने के लिए संकल्पित है। छत्तीसगढ़ खदान प्रभावित राज्य है। कोयला और आयरन के उत्पादन में छत्तीसगढ़ दूसरे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ देश का पहला ऐसा राज्य है जहां पर लिथियम खदान का आवंटन हुआ है। छत्तीसगढ़ में न्यू इंडस्ट्री पॉलिसी को लॉन्च किया गया है, जिसमें रोजगार के लिए अवसर पैदा करने वालों को विशेष अनुदान दे रहे हैं।

19 हजार 762 करोड़ का तृतीय अनुपूरक पेश

रायपुर। विधानसभा के बजट सत्र में पहले दिन सरकार की ओर से वित्तमंत्री ओपी चौधरी ने 19 हजार 762 करोड़ 12 लाख 42 हजार 523 रुपए का तृतीय अनुपूरक अनुमान पेश किया। अनुपूरक बजट पर मंगलवार को चर्चा कर पारित किया जाएगा। अनुपूरक बजट में सरकार की ओर से ऋण के ब्याज की अदायगी के लिए 870 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं कृषक उन्नति योजना के तहत 2 हजार करोड़ की राशि का प्रावधान किसानों का दिए जाने वाले बकाया भुगतान के लिए किया गया है। शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान योजना के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान किया गया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 50 करोड़ का प्रावधान किया गया है। दो बुलेट प्रूफ और एक जैमर युक्त वाहन खरीदी के लिए 45 करोड़ का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक में सामान्य प्रशासन विभाग, पुलिस और सिंचाई विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए भी बड़ी राशि का प्रावधान किया गया है। वहीं ई-ऑफिस के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अनुपूरक में राशि का प्रावधान किया गया है। कर्मचारियों के लिए आवास और पीडीएस सिस्टम को दुरुस्त करने राशि का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक पर चर्चा कर कल ही पारित किया जाएगा।

खबर संक्षेप

उद्योग मंत्री देवांगन कल से कोरबा जिले के दौरे पर

रायपुर। प्रदेश के उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन 26 और 27 फरवरी को कोरबा जिले के प्रवास पर रहेंगे और वहां आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे रायपुर से कार द्वारा रवाना होकर दोपहर 1.30 बजे ग्राम कोहड़िया चारपारा जिला कोरबा पहुंचेंगे, इसके बाद शाम 5.45 बजे चारपारा कोहड़िया से प्रस्थान कर शाम 7 बजे ग्राम केराझरिया में ऐतिहासिक पाली महोत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

पत्रकारिता के विद्यार्थियों ने सीखी पॉडकास्ट की बारीकियां

रायपुर। कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय में टॉक पॉडकास्ट विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार डॉ. कीर्ति सिसोदिया ने कहा कि, कहानी हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है। हर व्यक्ति के पास कहने के लिए कोई न कोई कहानी होती है। पॉडकास्ट स्टोरीटेलिंग का ही एक रूप है, जो डिजिटल माध्यम से श्रोताओं तक पहुंचता है। विशिष्ट वक्ता इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक प्रो. मनीषा शर्मा ने भारत में स्टोरीटेलिंग की परंपरा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे देश में यह प्राचीन काल से चली आ रही है। मुख्य वक्ता डॉ. सिसोदिया ने सवालों का उत्तर देते हुए पॉडकास्टिंग से जुड़े व्यावहारिक सुझाव भी दिए। कार्यक्रम में जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. राजेंद्र मोहंती, समाजकार्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. नृपेंद्र शर्मा, अतिथि शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

भाजपा और कांग्रेस विधायक दल की बैठक में बनी रणनीति मोदी की गारंटी हुई फेल : डॉ. महंत

कांग्रेस सरकार की कमियां उजागर करेगी, भाजपा देगी करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा के बजट सत्र के लिए रणनीति बनाने कांग्रेस और भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। कांग्रेस ने सदन में हंगामा करने के बजाय सरकार की कमियां उजागर कर सच्चाई सामने लाने की रणनीति बनाई। वहीं भाजपा ने विपक्ष के हर सवाल का करारा जवाब देने की रणनीति तैयार की है। कांग्रेस विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष के निवास पर हुई। वहीं भाजपा विधायक दल की बैठक नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास में हुई। कांग्रेस विधायक दल की बैठक की अध्यक्षता नेता प्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत ने की। उन्होंने विधायक दल की बैठक खत्म होने के बाद बताया कि सरकार ने पिछले बजट में जो बातें कही थी, उसे धरातल पर उतार नहीं पाए। पीएम आवास योजना हो या आदिवासियों को योजनाओं को लाभ देने का मामला हो, पूरा नहीं हुआ। उन्होंने कहा, सरकार को पूरी गंभीरता के साथ घेरेंगे। हम पूरी ताकत के साथ सदन में मुद्दे उठाएंगे और सड़क पर सरकार को घेरने के लिए अलग से रणनीति पर भी आज चर्चा हुई है। उन्होंने कहा, विपक्ष हंगामा नहीं करेगा, बल्कि सरकार की कमियां उजागर कर सच्चाई सामने लाएगी।

जनता को दिखाया लालीपाप : महंत

नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा, साय सरकार के कार्यकाल का यह दूसरा बजट पेश हो रहा है। 16 माह पहले छत्तीसगढ़ की जनता को मोदी की गारंटी का लालीपाप दिखाकर एक साल में वादा पूरे करने का झूठा सपना दिखाकर प्रदेश की सत्ता हासिल की थी। उसमें से कुछ को पहले बजट में शामिल कर पूरा करने का आश्वासन दिया गया था। मोदी की गारंटी के अनुरूप भाजपा द्वारा एक भी बादा पूरा अब तक नहीं हुआ।

विपक्ष के हर सवाल का देगी जवाब : साव

भाजपा विधायक दल की बैठक मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विधायकों से कहा, विपक्ष के सवालों का तर्क पूर्ण जवाब सदन में दिया जाएगा। सदन में लगाए जाने वाले आरोप-प्रत्यारोप का जवाब तथ्यों के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास करेंगे। वहीं सभी विधायकों को सदन में प्रतिदिन उपस्थित रहने कहा गया है। सदस्यों को बजट और अन्य विभाग अनुदान मांगों पर पूरे अध्ययन के साथ आने की हिदायत दी है। सदन में ध्यानाकर्षण, स्थगन और अन्य मुद्दों पर तैयारी के साथ जवाब देंगे।

कांग्रेस विधायक दल की बैठक में निकाय चुनाव में हार पर भी बात

रायपुर। विधानसभा के बजट सत्र की तैयारियों के लिए हुई कांग्रेस विधायक दल की बैठक में विधानसभा की तैयारियों के अलावा नगरीय निकायों के चुनाव में पार्टी को मिली हार पर भी बात हुई है। बताया गया है कि इस बैठक में यह बात हुई कि निकाय चुनाव में मिली हार के लिए प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज अकेले जिम्मेदार नहीं है। हार की जिम्मेदारी उन सभी नेताओं के हिस्से भी है जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में प्रत्याशी लड़ाए। सूत्रों के अनुसार चुनाव की चर्चा के दौरान ये बात हुई कि कई जगहों पर भाजपा ने ये प्रचार किया कि महतारी वंदन की राशि बढ़ाकर 2500 रुपए कर दी जाएगी। जो अभी एक हजार रुपए मिलती है। कुछ जगहों पर ये कहा गया कि अगर भाजपा प्रत्याशी को हराया गया तो महतारी वंदन की राशि 1 हजार रुपए भी बंद हो जाएगी। इसी बीच चुनाव में हार पर चर्चा के दौरान पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर ने कहा कि सभी नेताओं ने अपने अपने क्षेत्रों में प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाया है। बहुत सी जगहों पर नेताओं की पर पसंद पर भी प्रत्याशी बनाए गए। ऐसे में हार की जिम्मेदारी अकेले प्रदेश अध्यक्ष पर ही क्यों। यह जिम्मेदारी सभी नेताओं की बनती है। यह भी पता लगा है कि इसी बैठक में वरिष्ठ नेता टीएस सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा ने भी निकाय चुनाव की हार को सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए स्वीकार करने की बात कही।

देशभर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आगामी 4 और 5 मार्च को देश के सभी राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का सम्मेलन आयोजित किया गया है। नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डेमोक्रेसी एंड इलेक्शन मैनेजमेंट में इस दो दिवसीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन में देशभर के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आईटी आर्किटेक्चर, प्रभावी संचार, सोशल मीडिया आउटरीच को बढ़ाने, चुनावी प्रक्रियाओं में विभिन्न पदाधिकारियों की वैधानिक भूमिका और आधुनिक चुनाव प्रबंधन के प्रमुख क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे।

भारत निर्वाचन आयोग के नवनियुक्त मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यभार संभालने के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों का यह पहला सम्मेलन है। आयोग ने इसके लिए सभी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को अपने-अपने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के एक-एक जिला निर्वाचन अधिकारी और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को नामित करने के निर्देश दिए हैं। वैधानिक प्राधिकारियों के रूप में सीईओ, डीईओ और ईआरओ राज्य, जिला और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर महत्वपूर्ण पदाधिकारी हैं। यह सम्मेलन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार-मंथन और आपस में एक-दूसरे के अनुभवों से सीखने का मंच प्रदान करेगा। वहीं दूसरे दिन राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सीईओ पहले दिन विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा पर अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत करेंगे।

जिला पंचायत अध्यक्षों का चुनाव कराएंगे कलेक्टर, आयोग का काम हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं के चुनाव की प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी होने के साथ ही अब राज्य निर्वाचन आयोग का काम लगभग पूरा हो गया है। अब राज्य के जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव होना है। बताया गया है कि जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणाम की आधिकारिक घोषणा होने और उसका नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जिलों में जिला कलेक्टर जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे।

- अभी आधिकारिक घोषणा और नोटिफिकेशन होना बाकी
- हर जिले में कलेक्टर अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे

आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है

राज्य में तीन चरणों में हुए पंचायतों के चुनाव की जो जानकारियां अभी सामने आ रही हैं वह राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आधिकारिक परिणाम घोषणा नहीं है। बताया गया है कि राज्य के सभी जिलों से जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव परिणामों का टेबुलेशन किया जाएगा। इसके बाद आयोग परिणाम की आधिकारिक घोषणा करेगा। यह काम अभी आयोग के हिस्से में बाकी है। बताया गया है कि आधिकारिक परिणाम जारी होने के बाद पंचायत विभाग के माध्यम से उसका नोटिफिकेशन कराया जाएगा। यह प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिला कलेक्टर जिला पंचायत अध्यक्ष चुनाव की प्रक्रिया कराएंगे।

ऐसे चुने जाएंगे जिला पंचायत अध्यक्ष

पंचायत चुनाव के जानकारों के अनुसार जिला पंचायत सदस्य चुनाव का नोटिफिकेशन जारी होने के बाद जिला कलेक्टर अपने अपने जिलों में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। इस काम के लिए जिला कलेक्टर दिन निश्चित करने के बाद सभी जिला पंचायत सदस्यों को आमंत्रित कर उनके बीच अध्यक्ष का चुनाव कराएंगे। अध्यक्ष पद के जिस प्रत्याशी को सबसे वोट मिलेंगे, वही अध्यक्ष निर्वाचित किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में निर्वाचन आयोग की कोई भूमिका नहीं होगी। यह पूरा काम कलेक्टरों के हिस्से का होगा।

विधानसभा सत्र में पहुंचे देवेंद्र

रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल से जमानत पर रिहा होने के बाद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में भाग लिया। उन्होंने कहा, जब मैं जेल में था, तब शीत सत्र का लाइव प्रसारण देखा करता था। अब मुझे फिर से सदन में शामिल होने का अवसर मिला है और मैं क्षेत्र की जनता के मुद्दों को उठाऊंगा। उन्होंने अपनी राजनीतिक भूमिका पर कहा, पार्टी ने उन्हें बिहार का प्रभारी बनाया है, जहां चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा, पार्टी जब जो जिम्मेदारी देगी, मैं उसे निभाने के लिए तैयार हूं। हम सरकार की कमियों को जनता तक पहुंचाने का काम करते रहेंगे।

साय ने कहा- विकसित राज्य के निर्माण में किसानों की महत्वपूर्ण भूमिका

सम्मान निधि में छत्तीसगढ़ के 25.95 लाख किसान हुए लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमत्री विष्णुदेव साय ने कहा, अन्नदाताओं का सम्मान मां अन्नपूर्णा के सम्मान की तरह है। किसानों की समृद्धि से ही मजबूत ग्रामीण विकास का आधार तैयार हुआ है और शहरी अर्थव्यवस्था भी इससे बेहतर हुई है। अन्नदाताओं के श्रम से मिली शक्ति और उत्साह से ही हम छत्तीसगढ़ को संवार रहे हैं। विकसित छत्तीसगढ़-विकसित भारत बनाने में किसानों की भागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम से जुड़े। उन्होंने इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में किसान सम्मान निधि प्राप्त करने वाले किसानों को बधाई दी और उन्हें सम्मानित भी किया। चौदह महीनों के अंतराल में हमने किसान भाइयों के खाते में करीब एक लाख करोड़ रुपए भेजा है। अन्नदाताओं को अच्छा मूल्य मिलने से उनके जीवन खुशहाली आयी है। किसान आधुनिक खेती की ओर बढ़ रहे हैं।

कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में अब तक 9712 करोड़ 58 लाख रुपए की सम्मान निधि प्रदेश के किसानों को दी जा चुकी है। वर्ष 2023-24 की तुलना में 2 लाख 75 हजार से अधिक किसान भाइयों को इस योजना का लाभ मिला है। योजना का लाभ हमारे 2 लाख 34 हजार वन पट्टा धारी किसानों और 32 हजार 500 विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों को भी मिल रहा है। विशेष पिछड़ी जनजाति के किसान भाइयों को योजना का लाभ मिल सके, इसके लिए कृषि भूमि की अनिवार्यता को शिथिल किया गया।

सरकार ने वादा किया पूरा

मुख्यमंत्री ने कहा, किसानों को पीएम मोदी ने 3100 रुपए प्रति क्विंटल तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी की गारंटी दी थी। हमारी सरकार ने यह वायदा निभाया है। साथ ही किसानों को दो साल का बकाया बोनस देने की गारंटी भी दी गई थी। शपथ ग्रहण के एक पखवाड़े के भीतर ही हमने 13 लाख किसानों के खाते में बोनस की 3716 करोड़ रुपए की राशि जारी कर दी थी। पिछली बार हमने 145 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की।

ये थे मौजूद

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य वनोषधि बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष रामप्रताप सिंह, इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय कुलपति गिरिश चंदेल, कृषि उत्पादन आयुक्त शहला निगार, कृषि विभाग के संचालक डॉ सारांश मित्तर सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी किसानों की आय दोगुनी करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहे हैं। इसके लिए उनका जोर उद्यानिकी फसलों, फसल विविधीकरण तथा पशुपालन पर भी है। हम उद्यानिकी तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने विशेष कार्य कर रहे हैं। साथ ही पशुपालन को प्रोत्साहन देते हुए दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए एनडीडीबी के साथ हमने एमओयू भी किया है। इससे दुग्ध क्रांति की दिशा में प्रदेश अग्रसर हो गया है। हमारी सरकार लगातार किसानों की आकांक्षाओं को पूरा कर रही है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रदेश के 5 लाख 62 हजार भूमिहीन किसानों के खाते में दस-दस हजार रुपए की राशि भी हमने दी है।

4 से 6 तक निगम के सभापति, पालिकाओं के उपाध्यक्ष बन जाएंगे

निगमों के सभापति और पालिका, नगर पंचायतों के उपाध्यक्षों के नामों का पैनल बनाएंगे पर्यवेक्षक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रदेश के नगरीय निकाय चुनाव में बड़ी सफलता के बाद अब भाजपा की सभी नगर निगमों में सभापति, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में उपाध्यक्ष बनाने की कवायद प्रारंभ हो गई है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में सोमवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में हुई बैठक में तय किया गया है, 4 से 6 मार्च तक नगर निगमों के सभापति, नगर पालिकाओं के उपाध्यक्ष और 9 से 11 मार्च तक नगर पंचायतों के उपाध्यक्ष तय हो जाएंगे।

सभी पर्यवेक्षकों को अपने-अपने जिम्मे वाले निकाय में जाकर वहां पर सभी से रायशुमारी करके एक मार्च तक नामों का पैनल बनाकर प्रदेश संगठन को देने के निर्देश दिए गए हैं। निगमों के जोन अध्यक्षों के साथ एमआईसी के संभावित नामों की सूची भी संगठन को पर्यवेक्षक देंगे। इसके बाद प्रदेश संगठन नामों का ऐलान करेगा। ठाकरे परिसर में प्रदेश

संगठन की बैठक में सभी निकायों के पर्यवेक्षकों, संभाग और जिलों के प्रभारियों के साथ जिला अध्यक्षों को बुलाकर निकाय चुनाव को लेकर बड़ी बैठक की गई। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय निकाय मंत्री और डिप्टी सीएम अरुण साव, विजय शर्मा, भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, नगरीय निकाय चुनाव के प्रदेश प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी की उपस्थिति में बैठक में पर्यवेक्षकों को बताया गया कि उनको क्या करना है।

तीन-तीन नामों का बनेगा पैनल

भाजपा को सभी नगर निगमों में जीत मिली है। ऐसे में सभी में भाजपा के सभापति बनने तय हैं। सभापति के नाम तय करने के लिए पर्यवेक्षकों को सभी पार्षदों से रायशुमारी करके तीन-तीन नामों का पैनल बनाने के लिए कहा गया है। इसी के साथ निगमों में जोन अध्यक्षों के लिए भी नामों का पैनल बनेगा। इसके अलावा निगमों में बनने वाली एमआईसी के संभावित नामों की सूची भी पर्यवेक्षक बनाएंगे। नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के लिए उपाध्यक्षों के नामों का पैनल पर्यवेक्षक बनाकर प्रदेश संगठन को देंगे। इसी के साथ प्रेसिडेंट इन काउंसिल के संभावित सदस्यों के लिए भी नामों की सूची रायशुमारी करके बनाकर देंगे।

वादे करेंगे पूरे : मुख्यमंत्री साय

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बैठक में कहा, यह जीत हमारे शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं की जीत है। प्रदेश के हर कोने में हमने विकास कार्य शुरू किए हैं। हमारे रोड शो में जैसी भीड़ उमड़ रही थी उससे ही जीत का विश्वास हो गया था। हमारे वरिष्ठ नेता शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन का भी लागतार मार्गदर्शन मिलता रहा। कई जगहों पर कांग्रेस अपने प्रत्याशियों घोषित नहीं कर पाई। जनता का अपार आशीर्वाद हमारी जिम्मेदारी और बढ़ाता है, हम उस पर पूरी तरह खरे उतरेंगे, जनता के कार्यों के लिए हम दिन-रात काम करेंगे, कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमने जो भी वादे किए हैं, उनको पूरा किया जाएगा।

खबर संक्षेप

सुमंत जयंती में जुटा समाज

रायपुर। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सूत सारथी समाज द्वारा सुमंत महाराज की जयंती मनाई गई। इस मौके पर सारथी पारा ब्लॉक कमेटी जिला कमेटी द्वारा विविध धार्मिक आयोजन किए गए। सारथी समाज के सदस्यों सहित वार्ड पार्षद दीपक जयसवाल और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी शामिल हुए।

सतनामी समाज की परिचय पत्रिका 'बंधन' का विमोचन कल

रायपुर। सतनामी समाज के युवक-युवती परिचय सम्मेलन की बहुप्रतीक्षित वैवाहिक परिचय पत्रिका 'बंधन' के 9 वें अंक का विमोचन किया जाएगा। यह पत्रिका विमोचन का कार्यक्रम न्यू राजेंद्र नगर रायपुर स्थित गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी भवन में 26 फरवरी को दोपहर 2 बजे होगा। अकादमी के अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि इस पत्रिका में 2 फरवरी को शहीद स्मारक भवन में आयोजित राष्ट्र स्तरीय सतनामी युवक-युवती परिचय सम्मेलन तथा 19 जनवरी को सतनाम भवन बेमेतरा में आयोजित परिचय सम्मेलन में भाग लिए सभी प्रतिभागियों की रंगीन फोटोयुक्त संयुक्त बायोडाटा प्रकाशित की गई है। विमोचन के तुरंत बाद इस पत्रिका सभी प्रतिभागियों को निशुल्क प्रदान की जाएगी। सभी प्रतिभागियों को अपनी पंजीयन पावती आवश्यक रूप से साथ लाने का आग्रह किया गया है।

डॉक्टर के घर चोरी तीन गिरफ्तार

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र के सड्डू निवासी महिला डॉक्टर के घर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने दो नाबालिग सहित तीन को गिरफ्तार किया है। डॉ. निकिता मिंज की शिकायत पर पुलिस ने कचना बीएसयूपी कालोनी निवासी चंदन चेलक तथा उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने 19 फरवरी को चोरी की घटना को अंजाम दिया था। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के जेवर सहित चार लाख रुपए कीमत का अन्य सामान जब्त किया है।

कार चालक ने की मारपीट

रायपुर। सिविल लाइंस थाने में एक युवक ने एक कार चालक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजेंद्र नगर निवासी स्मित तिवारी ने कार सीजी 10 एएच 2411 के चालक के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। स्मित ने पुलिस को बताया है कि वह अपने भाई तथा दोस्त के साथ रेस्टोरेंट से नाश्ता कर लौट रहा था। रास्ते में कार चालक अपनी कार खड़ी कर अपने महिला मित्र के साथ बात कर रहा था। स्मित ने कार चालक को कार सड़क किनारे पार्क करने के लिए कहा, तो इस बात से नाराज होकर कार चालक ने स्मित के साथ मारपीट की।

रमन बोले- आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होगा नया विधानसभा भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, नवा रायपुर में बन रहा नवीन विधानसभा भवन न केवल आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होगा, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक परंपराओं को भी दर्शाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता की उत्कृष्टता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सोमवार को नवा रायपुर, अटल नगर में निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों से विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विधानसभा सदन, सचिवालय, मुख्यमंत्री कार्यालय, विधानसभा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष के कक्ष, सेंट्रल हॉल एवं लाइब्रेरी के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मंत्रियों के कक्ष, मीटिंग हॉल, लाउंज, कैंटीन, ऑडिटोरियम सहित विधानसभा भवन के अन्य महत्वपूर्ण निर्माणाधीन कक्षों की स्थिति की भी जानकारी प्राप्त की।

विस अध्यक्ष ने विधायकों संग किया निर्माणाधीन नवीन विधानसभा भवन का निरीक्षण

लोकतांत्रिक परंपराओं को करेगा मजबूत

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, नवा रायपुर में बन रहा नवीन विधानसभा भवन न केवल आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त होगा, बल्कि यह छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक परंपराओं को भी दर्शाएगा। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता की उत्कृष्टता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय सीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा, नया विधानसभा भवन छत्तीसगढ़ की लोकतांत्रिक प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाएगा। इसमें विधायी कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

मंत्री, नेता प्रतिपक्ष और विधायक थे मौजूद

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लखनलाल देवांगन, श्याम बिहारी जायसवाल, ओपी चौधरी, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा सहित अन्य मंत्री, विधायक, विधानसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कई राशन दुकानों में एपीएल चावल नहीं मिलने से बैरंग लौट रहे हितग्राही

नान के गोदामों से सप्लाई धीमी, डीओ-चालान काटने के बाद भी नहीं भेज रहे समय पर चावल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर की कई राशन दुकानों से एपीएल कार्ड धारकों को चावल लिए बगैर ही लौटना पड़ रहा है। इसका कारण नागरिक आपूर्ति निगम रायपुर (नान) के गोदामों से राशन दुकानों को धीमी गति से की जा रही चावल की सप्लाई है। शहर में गुढ़ियारी और मंदिर हसौद के गोदाम से चावल की सप्लाई की जाती है, जिसके लिए राशन दुकान संचालकों को पहले आबंटित चावल के लिए राशि जमा कराई जाती है। इसके बाद चावल की सप्लाई के लिए डीओ काटा जाता है। डीओ काटने के बाद ट्रक चालान जारी किया जाता है। इसमें ज्यादा से ज्यादा एक या दो दिन का समय लग जाता है, लेकिन इसके बाद भी गोदाम से राशन दुकानों तक चावल भेजने में कई हफ्ते लग जा रहे हैं। गोदाम इंचार्ज एवं कर्मचारियों की इस लापरवाही के कारण दुकानों में स्टॉक पहुंच नहीं पा रहा है, जिसके कारण हितग्राहियों को भी दुकानों से बैरंग लौटाया जा रहा है। शहर में ऐसी कई दुकानें हैं, जिनका डीओ से लेकर ट्रक चालान जारी हो चुका है, लेकिन सप्लाई अभी तक नहीं की गई है।

विभागीय आंकड़ों के अनुसार रायपुर जिले में फरवरी के लिए राशन दुकानों को जनवरी में एपीएल कोटे का 37227.90 क्विंटल चावल आबंटित किया गया था। इसकी तुलना में नान ने 30311.16 क्विंटल चावल जारी किया था, जिसके एवज में राशन दुकान संचालक 25156.75 क्विंटल चावल के लिए राशि भी जमा करा चुके हैं। राशि जमा होने के बाद उतना ही चावल के लिए डीओ काटने के साथ ट्रक चालान भी काटा गया है, लेकिन इसके बाद भी चावल की शत प्रतिशत सप्लाई राशन दुकानों में नहीं की गई है। फरवरी का महीना खत्म होने वाला है, पर अब तक डीओ कटे चावल का 83 प्रतिशत चावल ही राशन दुकानों तक पहुंच पाया है। शेष 17 प्रतिशत चावल अब तक दुकानों को उपलब्ध नहीं कराया गया है। यही कारण है कि कई दुकानों में एपीएल कोटे का चावल हितग्राहियों को मिल नहीं पा रहा है।

गुढ़ियारी गोदाम में सबसे ज्यादा शिकायत

कुछ राशन दुकानों ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि आबंटित कोटे का चावल लेने के लिए वे समय पर राशि जमा करते हैं, लेकिन गोदाम में बैठे कुछ कर्मचारी डीओ काटने के बाद भी चावल भेजने में आनाकानी करते हैं। चावल नहीं भेजने का कारण जब पूछा जाता है, तो कहा जाता है कि शहर में सिर्फ उनकी एक दुकान नहीं है, सभी दुकानों को चावल भेजना होता है। इसमें समय तो लगेगा। दुकानदारों ने यह भी बताया, इस आनाकानी की वजह कमीशन है। जो दुकान संचालक कमीशन देता है, उसे जल्दी ही सामग्री भेज दी जाती है। गोदाम में यह सिलसिला लंबे समय से चल रहा है।

4 दिन बाद लैप्स हो जाएगा चावल

फरवरी को खत्म होने में अब 4 दिन ही शेष हैं, जबकि अभी तक कई राशन दुकानों को एपीएल कोटे का चावल मिल नहीं पाया है। ऐसे में अगर समय पर इन दुकानों में चावल पहुंचा नहीं, तो इसका खामियाजा हितग्राहियों को भुगतना पड़ेगा और उनका एक माह का चावल लैप्स हो जाएगा।

कमीशन मांगने की शिकायत पर करेंगे सख्त कार्रवाई

गोदामों से राशन सामग्री के वितरण को लेकर अभी कोई शिकायत आई नहीं है। ऐसी शिकायत आएगी तो जांच कराकर सख्त कार्रवाई करेंगे।

- भूपेंद्र मिश्रा, खाद्य नियंत्रक जिला खाद्य विभाग रायपुर

गोदाम में कमीशन का खेल, इसलिए वितरण में देर

सूत्रों के अनुसार गोदामों में एपीएल चावल के वितरण पर कमीशन का खेल चल रहा है। गोदाम में कार्यरत कुछ जिम्मेदार लोग राशन दुकान संचालकों से एपीएल कोटे का चावल को दुकानों में भेजने के लिए कमीशन की डिमांड कर रहे हैं। इस तरह जिस दुकानदार से कमीशन मिल जाता है, तो उसके यहां एक से दो दिन के भीतर ही सप्लाई कर दी जा रही है, वहीं जो कमीशन नहीं देता उसकी दुकान में 10 से 15 दिन के बाद चावल भेजा जा रहा है। यही कारण है कि डीओ और ट्रक चालान कटने के बाद भी कई राशन दुकानों को अब तक एपीएल कोटे का चावल मिल नहीं पाया है। हालांकि इस मामले में नान के जिला अधिकारी का कहना है कि छोटी गाड़ियों की कमी के कारण कभी-कभी चावल सप्लाई में विलंब हो जाता है, लेकिन वितरण में कोई कोताही बरती नहीं जा रही है। अगर चालू माह में किसी दुकान को वितरण राशन सामग्री नहीं मिल पाई है, तो उसे तत्काल उपलब्ध करा दिया जाएगा।

शहर में तीन स्थानों पर कामकाजी महिलाओं के लिए बनेगा वर्किंग वुमेन हॉस्टल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर शहर के तेलीबांधा, टाटीबंध सहित एक अन्य स्थान पर कामकाजी महिलाओं के लिए वर्किंग वुमेन हॉस्टल का निर्माण कराया जायेगा। रायपुर नगर निगम ने केन्द्र सरकार की मंशा अनुरूप एक प्रस्ताव बनाकर मंजूरी के लिए भेजा था। इस पर केन्द्र सरकार ने शहर में 3 स्थानों पर वर्किंग वुमेन हॉस्टल निर्माण के लिए 48 करोड़ की मंजूरी दी है। इसके लिए नगर निगम जल्द ऑनलाइन टेंडर कर एजेंसी तय करेगा।

- केंद्र से रायपुर नगर निगम को मिली 48 करोड़ की मंजूरी

राजधानी रायपुर में बाहर से आकर काम करने वाली महिलाओं को शहर के मध्य रहने के लिए सुरक्षित आवास ढूंढने में आ रही दिक्कत को ध्यान में रखते हुये नगर निगम की ओर से शहर में वर्किंग वुमेन हॉस्टल बनाने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास स्वीकृति के लिए भेजा गया।

सूत्रों के मुताबिक शहर के तीन अलग-अलग लोकेशन पर दो मंजिला कामकाजी महिला छात्रावास परिसर बनाने की योजना है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक तेलीबांधा, टाटीबंध क्षेत्र सहित शहर के बीच इसके लिए जगह देखी जा रही है। 1 एकड़ क्षेत्र में महिलाओं के लिए छात्रावास निर्माण की योजना बनाई गई है।

दो दिन बाद प्रयागराज का टिकट 6 हजार में, वापसी में राहत एक मार्च से

रायपुर। महाकुंभ की वजह से आसमान पर पहुंच चुका एकमात्र सीधी फ्लाइट का किराया दो दिन बाद सामान्य होकर 6 हजार रुपए हो जाएगा। वहां से वापसी वाली फ्लाइट का फेयर एक मार्च के बाद ही सामान्य स्थिति में आने की संभावना है। महाशिवरात्रि तक वहां सीधी फ्लाइट का टिकट मिलना मुश्किल है। महाकुंभ के दौरान गंगा स्नान करने वालों की भीड़ प्रयागराज में टूट पड़ी। रायपुर से नियमित रूप से संचालित होने वाली फ्लाइट हर दिन फुल होकर चली। यात्रियों की संख्या को देखते हुए बिलासपुर से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट दो के बजाए तीन दिन संचालित होने लगी और जगदलपुर से भी प्रयागराज के लिए विशेष उड़ान का संचालन किया गया। बुधवार को महाशिवरात्रि के बाद प्रयागराज जाने वालों की भीड़ महाकुंभ के साथ समाप्त हो जाएगी। इसके बाद रायपुर-प्रयागराज के बीच की फ्लाइट का किराया भी सामान्य हो जाएगा। ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े सूत्रों के मुताबिक 27 मार्च को रायपुर से प्रयागराज का एयर फेयर 6 हजार हो चुका है और इतने में बाकी दिनों में भी टिकट आसानी से उपलब्ध हो जाएगा। प्रयागराज से वापस आने वाले यात्रियों की भीड़ बाकी है, जिसकी वजह से वहां वापसी का किराया एक मार्च के बाद ही सामान्य होगा। महाकुंभ की वजह से प्रयागराज के साथ रायपुर से लखनऊ जाने वाली फ्लाइट का फेयर भी 14 से 15 हजार तक पहुंच गया है।

पेज 11 के शेष ...

महाकुंभ के बाद...

हुई है। सारनाथ और बरौनी एक्सप्रेस में मार्च मध्य तक स्लीपर में 50 से अधिक और एसी कोच में 30-40 के बीच पहुंच गई है। यात्रियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने 28 फरवरी को महाकुंभ स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन में स्लीपर में 36 वेटिंग है, थर्ड एसी में 3 वेटिंग और सेकेंड एसी में 98 सीटें अब भी खाली हैं।

सारनाथ और नौतनवा...

ट्रेनों को रद्द नहीं करता, तो 24 से 26 फरवरी के बीच 15,000 से अधिक यात्री प्रयागराज के लिए सफर कर सकते थे। फिलहाल, 26 तक सारनाथ और नौतनवा एक्सप्रेस के पटरी पर लौटने तक, प्रयागराज के लिए केवल एक ट्रेन ही उपलब्ध होगी।

महाकुंभ स्पेशल ट्रेनों से...

भाटापारा, उसलापुर, अनूपपुर, पेंड्रारोड, शहडोल, मध्य प्रदेश के उमरिया, कटनी, सतना, जबलपुर और महाराष्ट्र के गोंदिया जैसे विभिन्न स्टेशनों से श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचे और संगम की पवित्र डुबकी लगाई।

प्राचार्यों ने की आपत्ति तो रविवि...

एक बार पुनः संशोधित समय-सारिणी जारी की है। बीकॉम और बीसीए की समय-सारिणी में रविवि ने संशोधन किया है। पूर्व में जारी किए गए टाइम-टेबल में विषय के नाम के आगे दर्ज ग्रुप और प्रश्नपत्र क्रमांक में त्रुटि हो गई थी। इसे लेकर बीते सप्ताह परीक्षा कार्य को लेकर हुई बैठक में प्राचार्यों ने आपत्ति जताई थी। इसके बाद रविवि ने इसमें सुधार किया है। किसी भी विषय की तिथि में बदलाव नहीं किया गया है। परीक्षाएं पूर्व निर्धारित तारीखों में ही होंगी, लेकिन ग्रुप और प्रश्नपत्र क्रमांक को लेकर उत्पन्न हुई असमंजस की स्थिति को देखते हुए इसमें सुधार कर इसे दोबारा जारी किया गया है। रविवि ने महाविद्यालयों को इस संदर्भ में सूचित करने के साथ ही विवि की वेबसाइट पर भी इसे अपलोड कर दिया है। गौरतलब है कि रविवि द्वारा इसके पूर्व भी समय-सारिणी में बदलाव किया जा चुका है। कुछ दिनों पूर्व ही सेमेस्टर कक्षाओं को देखते हुए रविवि ने दोनों पाली के परीक्षा समय में बदलाव किया था। **सूचना नहीं, छात्र हलाकान** : रविवि द्वारा बार-बार समय-सारिणी में परिवर्तन के कारण छात्र परेशान भी हो रहे हैं। सामान्यतः छात्र रोजाना रविवि की वेबसाइट खोलकर नहीं देखते हैं। सर्वप्रथम जारी की गई समय-सारिणी को ही विद्यार्थी सुरक्षित रखते हैं और इसके आधार पर ही तैयारी करते हैं। महाविद्यालयों द्वारा व्हॉट्सऐप ग्रुप पर सूचना डाले जाने के पश्चात ही उन्हें परिवर्तन की जानकारी हो पाती है। कुछ दिनों पूर्व रविवि अध्ययनशाला में एक मामला सामने आया था, जिसमें बीएड छात्रों ने परीक्षा के एक दिन पूर्व ही समय-सारिणी परिवर्तन की जानकारी मिलने की शिकायत की थी।

दवा घोटाला, मोक्षित...

पर मामले की जांच ईओडब्लू को सौंपी गई थी। जांच टीम इस प्रकरण में अब तक केवल एक गिरफ्तारी कर पाई है, जबकि मामले में कई लोगों के शामिल होने का संदेह है। जांच टीम दस्तावेजों को खंगालने के साथ संदेहियों के खिलाफ सबूत तलाशने में जुटी हुई है। इसके बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की आशंका है। ईओडब्लू ने मोक्षित कार्पोरेशन के एमडी को 28 जनवरी को उसके ठिकानों पर छापेमारी के बाद गिरफ्तार किया था। रिमांड पर लेकर पूछताछ के बाद उसे 10 फरवरी के न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था। आज उसकी रिमांड अवधि पुनः 14 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। उसे आज न्यायालय में पेश नहीं किया गया।

नागालैंड से भालू लाने...

के अलावा और कोई नहीं दिख रहा, जबकि भालू लाने तीन वाहन जंगल सफारी प्रबंधन ने नागालैंड रवाना किया था। भेजे गए वाहन में दो सरकारी तथा एक निजी गाड़ी थी। एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत 15 फरवरी को नागालैंड जूलॉजिकल पार्क, दीमापुर से जंगल सफारी रायपुर लाये जा रहे छह वर्षीय नर भालू कल्लू की रास्ते में मौत हो गई थी। भालू की मौत की वजह अफसर गाड़ी को पश्चिम बंगाल में जांच के नाम पर जगह-जगह रोकना, जिसकी वजह से भालू की गर्मी से मौत होना बता रहे हैं। ऐसे में सवाल खड़ा हो रहा है कि भालू की गाड़ी जगह-जगह रोकी गई, ऐसे में रायपुर से काले हिरण तथा चीतल लेकर निकली गाड़ियों को रास्ते में क्यों नहीं रोका गया। रायपुर से एनिमल लेकर निकली गाड़ियां तय समय में नागालैंड पहुंच गई थीं। **गाड़ी को सुरक्षित जाने देने ट्रांजिट** : भालू लाने वाली टीम के लिए नागालैंड जूलाजिकल पार्क के डायरेक्टर ने ट्रांजिट परमिट जारी किया था। परमिट में गाड़ी को कहीं नहीं रोके जाने की बात का उल्लेख होने के साथ ही टोल में किसी तरह से टोल टैक्स नहीं लेने की बात का उल्लेख किया गया है। बावजूद इसके गाड़ियां बार-बार रोकी जा रही थीं, ऐसे में जिम्मेदारों ने अपने राज्य के जिम्मेदार वन अफसरों से संपर्क क्यों नहीं किया।

30 साल से अधिक आयु वाले जांच के दायरे में, ओपीडी में होगी पूछताछ

बीपी और शुगर के साथ कैंसर के मरीजों की पहचान के लिए 39 दिन का स्क्रीनिंग अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

ब्लड प्रेशर, शुगर जैसी समस्या के साथ बढ़ रहे ओरल, सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर की शिकायतों को नियंत्रित कर स्वास्थ्य विभाग 39 दिन का स्क्रीनिंग अभियान चला रहा है। 30 साल के अधिक आयु वालों को जांच दायरे में लिया गया है। स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में आने वाले मरीजों से पूछताछ के साथ मितानिन और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की मदद से क्षेत्रवार सर्वे भी किया जाएगा। गैर-संचारी रोगों की रोकथाम के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ समेत देशभर में 20 फरवरी से 31 मार्च तक विशेष स्क्रीनिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के दौरान प्रतिदिन की जाने वाली कार्यवाही के साथ डेटा निर्धारित पोर्टल पर अपलोड

किया जाने की हिदायत दी गई है। अधिकारियों के मुताबिक बदलती जीवनशैली की वजह बीपी-शुगर की तरह विभिन्न तरह के कैंसर की समस्याएं भी बढ़ रही है। सही समय पर बीमारी की पहचान नहीं होने से इलाज में देर होती है, जिसके गंभीर परिणाम भी सामने आते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए यह 39 दिन के स्क्रीनिंग अभियान की शुरुआत की गई है। अभियान के दौरान संदिग्ध मिलने वालों की जांच और बीमारी की पुष्टि होने पर आवश्यक उपचार की व्यवस्था भी की जाएगी। स्क्रीनिंग की व्यवस्था तमाम शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में की गई है, जहां आने वाले मरीजों से उनकी मूल समस्या के साथ एनसीडी के संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी ली जाएगी।

सभी स्वास्थ्य केंद्रों को निर्देश

राज्य से मिले स्क्रीनिंग अभियान के आदेश पर इसकी शुरुआत की गई है। प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को एनसीडी से संबंधित बीमारियों के संबंध में स्क्रीनिंग के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा क्षेत्रवार सर्वे के लिए स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और मितानिन को निर्देशित किया गया है।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ रायपुर

उपकरण और दवा उपलब्धता की जिम्मेदारी

इस अभियान के दौरान स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले प्रत्येक मरीजों की स्क्रीनिंग के साथ जांच की जाएगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा तमाम स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बीपी मॉनिटर, ग्लूकोमीटर सहित अन्य आवश्यक दवाओं सहित की हमेशा उपलब्धता रखने राज्यों को निर्देशित किया गया है। अधिकारियों का तर्क है कि 31 मार्च तक चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य मरीजों की सही समय उपचार उपलब्ध कराना है।

// ईश्तहार //

पत्र क्रं /16486/ न.पा.नि./ जोन क्रं-10 /2025
रायपुर, दिनांक **28.12.2024**
नामंतरण प्र.क्र. 16486
वार्ड का नाम 53 बाबू जगजीवनराम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/ भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR446J00651 जो की निगम अभिलेख श्री /श्रीमती MANORATH SHUKLA पिता/ पति श्री/श्रीमती RAMESH CHANDRA SHUKLA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती KAMLESH ROY पिता/पति श्री/श्रीमती PARESH CHANDRA ROY ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा। "सूचना जारी करे"

**श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर),
जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय विशेष विवाह अधिकारी
अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ.ग.)**
वि.प्र.क्र. / विशेष विवाह / 2024-25

फार्म- "अ"
सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण की जानकारी के लिये यह सार्वजनिक सूचना जारी किया जाता है कि आवेदक महेश्वर प्रसाद देवांगन आ. भुखन राम देवांगन, उम्र 34 वर्ष, पेशा कम्प्यूटर ऑपरेटर, निवासी ग्राम बोरियाखुर्द, पोस्ट सुन्दरनगर, थाना टिकरापारा, तहसील एवं जिला रायपुर छ.ग. पिन 492001 एवं आवेदिका अनिता आ. बुढउ राम, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम पोस्ट डांडगांव, थाना- तहसील उदयपुर, जिला सरगुजा, छ.ग., के द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 के तहत आयशित विवाह की सूचना संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित अभिप्रेत विवाह पंजीयन की सूचना के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई व्यक्ति इस न्यायालय में दिनांक 20/03/2025 को दिन के 11:00 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

**विशेष विवाह अधिकारी
अम्बिकापुर,
जिला-सरगुजा (छ.ग.)**

**राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर सर्किट कोर्ट, रायपुर
-: राजस्व मामले की नोटिस :-**
पेशी दिनांकः-10/03/2025
प्र.क्र.- आर.एन./14/आर/अ-6/28/2022

प्रति,
1. कस्तूरी बाई निवासी ग्राम आरंग तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.)
2. गजानंद सोनी वल्द राधेलाल सोनी (मृत) के विधिक वारिसानः-
(क) सरिता सोनी पति स्व. गजानंद सोनी
(ब) सुनील सोनी आ. स्व. गजानंद सोनी
(स) सूरज सोनी आ. स्व. गजानंद सोनी

तीनों निवासी हनुमान मंदिर के पास ब्राम्हणपारा, रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)

-00-

पुनरीक्षणकर्ता कु. निर्मला सोनी पिता राधेलाल सोनी निवासी ग्राम आरंग, तहसील-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) वगैरह, द्वारा न्यायालय अध्यक्ष, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक-आर.एन./14/आर/अ-6/28/2022, न्यायालय अपर आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर के प्र.क्र. 308/अ-6/2013-14 पक्षकार नारायण सोनी वगैरह विरूद्ध गजानंद सोनी (मृत) के विधिक वारिसान वगैरह, में पारित आदेश दिनांक 20/12/2021 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 10/03/2025 को तिथि नियत है।

अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा।

न्यायालय के आदेशानुसार

**रीडर'
राजस्व मण्डल
सर्किट कोर्ट, रायपुर**

**राजस्व मण्डल,
छ.ग. सर्किट कोर्ट रायपुर**

आम सूचना

वाके मौजा भनपुरी, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं. रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 91/31 रकबा 1750 वर्गफुट एवं कृषि भूमि खसरा नंबर 58/347 शामिल खसरा नंबर 59/343, 80/347, 81/347,86/347 कुल रकबा 1443 वर्गफुट भूमि के संबंध में।

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता शिव कुमार अग्रवाल पिता रतनलाल अग्रवाल निवासी फ्लैट नंबर-जी-201, अशोका हाईट्स, मोवा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. के आधिपत्य व स्वामित्व की कृषि भूमि वाके मौजा भनपुरी, प.ह.नं. 00039, रा.नि.मं. रायपुर-5-भनपुरी, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित परिवर्तित भूमि जिसका खसरा नंबर 91/31 रकबा 1750 वर्गफुट एवं कृषि भूमि खसरा नंबर 58/347 शामिल खसरा नंबर 59/343,80/347, 81/347, 86/347 कुल रकबा 1443 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया है एवं शेष राशि का भुगतान बैनामें के निष्पादन के समय किये जाने की बात हुई है।

अतः इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय, अशासकीय बैंक, बीमा, वित्तीय संस्था, निगम, निकाय, बोर्ड, प्राधिकरण निजी संस्था आदि को किसी भी प्रकार की उजर आपत्ति है। तो यह इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के भीतर अपनी, उजर, आपत्ति का दावा मेरे कार्यालय में सुसंगतमय दस्तावेज के साथ प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद म्याद की गई किसी भी प्रकार की उजर, आपत्ति या दावा के लिए मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा और यह अपने पक्ष में रजिस्ट्री बैनामा करवा लेगा।

सो सूचना जानें।

**श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा
(अधिवक्ता)
पता - रायपुर टाईपिंग गली,
कंकाली पारा, रायपुर (छ.ग.)**
Mob.: **93006 81760**

HEALTH TOWN

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

ओम डेन्टल हॉस्पिटल (अब नई जगह)
- दर्द रहित रुट कैनाल ट्रीटमेंट (RCT)
- टेढ़े मेढ़े दांतो का इलाज (INVISALIGN) Clear Aligners द्वारा
- डेंटल इम्पलांट (Dental Implants)
- Smile Designing
- दांतो की Bleaching
- मसूड़ों की बीमारी
- अक्ल दाढ़ निकालना
117, मेन रोड समता कालोनी, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, रायपुर 0771-4064222, 8305948040

जीवन ज्योति होम्योपैथी क्लीनिक
रोग निदान
17 वर्षों से आपके सेवा में
- महिला संबंधी रोग : अनियमित मासिक धर्म, पी.सी.ओ.डी.
- अस्थि रोग : अर्थाइटिस, सायटिका फ्रोजन सोल्डर, स्पॉडिलाइटिस
- पुरूष संबंधित रोग : कमजोरी, हाइड्रोसील, नाक, कान, गला व श्वास संबंधित रोग
- चर्म रोग : एक्जीमा, सोरिएसिस, सफेद दाग, शरीर में गठान, मस्से, झाइ
- पाचन संबंधी रोग : एसीडिटी, अल्सर, बवासीर, कब्ज
- किडनी एवं हृदय रोग : पथरी, यूरीन इंफेक्शन, बीपी
- शिशु रोग : सर्दी, खांसी, बुखार
- स्नायू (वर्व) रोग : मिर्गी, माइग्रेन, पैरालाईसीस
- केश रोग : बालो का झड़ना, रूसी, एलोपेसिया,
सुगर, थाईराइड, मोटापा, मानसिक रोग, तनाव, चिड़चिड़ापन, डिप्रेशन, नींद की बिमारी
डॉ. रंजीता जायसवाल
BHMS. (BHOPAL)
Ex. RMO Maharana Pratap Homoeopathic College & Hospital Raipur (C.G)
अपॉइंटमेंट हेतु कॉल करें
84351-99964

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप

18 नवनिर्वाचित साहू समाज के पार्षदों का सम्मान

रायपुर। युवा प्रकोष्ठ शहर जिला साहू संघ रायपुर द्वारा जिला संयोजक देवदत्त साहू के नेतृत्व में युवा महोत्सव एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर साहू समाज के नवनिर्वाचित 18 पार्षदों का सम्मान रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू के मुख्य आतिथ्य में किया गया। युवा महोत्सव में शहर के विभिन्न स्कूल व कॉलेज के छात्र छात्राओं के लिए प्रतियोगिता रखी गई। इसके साथ ही सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभूतियों को मंच से सम्मानित होने का मौका मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, प्रदेश साहू संघ के कार्यकारी अध्यक्ष पूनम कुमार साहू, शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशव साहू, प्रदेश साहू संघ की सचिव सीमा साहू, कार्यकारी अध्यक्ष यादराम साहू, सभापति रघुनाथ साहू, युवा प्रकोष्ठ सह संयोजक मोंटी साहू, महासचिव मनीष साहू सहित युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा नवनिर्वाचित पार्षदगण उपस्थित रहे।

तुलसी में अवैध शराब बिक्री नशाखोरी का होगा खात्माः धीवर

रायपुर। रायपुर जिले अंतर्गत ग्राम तुलसी के लोग अवैध शराब की बिक्री और नशाखोरी से त्रस्त हो चुके हैं। अवैध शराब की बिक्री से गांव में बच्चों को भी नशे की लत लग रही है। गांव के नवनिर्वाचित सरपंच सुरेश कुमार धीवर ने कहा कि गांव में अवैध शराब की बिक्री का खात्मा करना उनकी प्राथमिकता में है। शराब की अवैध बिक्री बंद होगी, तो नशाखोरी भी कम होगी, जिससे गांव के भविष्य बच्चे भी सुरक्षित रहेंगे और पढ़ाई-लिखाई कर अपना-अपने परिवार के साथ गांव का नाम रोशन कर पाएंगे। ग्राम तुलसी में सरपंच का पद जीतने के बाद सुरेश धीवर ने विजय जुलूस रैली निकाली।

ज्ञान प्रतियोगिता में 100 स्कूलों ने लिया भाग

रायपुर। अखिल भारतीय योग वेदांत सेवा समिति द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों में सोमवार को जिला स्तरीय दिव्य प्रेरणा प्रकाश ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 100 स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता दो सत्रों में की गई। प्रतियोगिता में शासकीय स्कूलों के छात्रों की उपस्थिति अधिक देखी गई। इस दौरान शासकीय और निजी स्कूलों के शिक्षकों ने इस आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की तथा आगे भी ऐसे आयोजन होते रहने पर जोर दिया। ताकि बच्चों के आध्यात्मिक ज्ञान के स्तर को परखा जा सकें, आज बच्चे संस्कार, संस्कृति और आध्यात्मिक ज्ञान से दूर होते जा रहे हैं।

कुष्ठ मरीजों से संयमित व्यवहार की नसीहत, विभागीय तालमेल बनाकर इलाज पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इलाज के लिए आने वाले कुष्ठ मरीजों से संयमित व्यवहार करने की नसीहत राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग की टीम ने दी है। साथ ही त्वचा, फिजियोथैरेपी, पैथोलॉजी सहित अन्य विभाग के चिकित्सकों को समन्वय बनाकर उनके उपचार की नसीहत दी है। मानव अधिकार की टीम ने त्वचा रोग विभाग के साथ परिसर में स्थित कुष्ठ अस्पताल का निरीक्षण भी किया।

मानव अधिकार आयोग की टीम कुष्ठ रोगियों के उपचार और उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं के साथ किए जाने वाले व्यवहार के बारे में भी जानकारी ले रही है। इसके तहत उनके द्वारा दोनों कुष्ठ अस्पताल में चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा उनसे किए जाने वाले व्यवहार के बारे में भी पूछताछ की जा रही है। सोमवार को मानव अधिकार आयोग के विशेष मॉनिटर डा. प्रदीप्ता कुमार नायक ने जिला अस्पताल में बैठक लेकर त्वचा रोग सहित अन्य विभाग के चिकित्सकों को मरीजों की जांच और उपचार के दौरान मधुर व्यवहार बरतने की हिदायत दी। इस दौरान त्वचा रोग विभाग में आने वाले मरीजों के बारे में भी जानकारी ली गई। उन्होंने जिला अस्पताल के हमर लैब का भी दौरा किया और वहां मरीजों को निशुल्क दी जाने वाली जांच सुविधा के बारे में भी जानकारी ली। बैठक में सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित अन्य चिकित्सक सहित अन्य स्टाफ मौजूद थे।

मानव अधिकार आयोग की टीम ने जिला अस्पताल में ली बैठक

कुष्ठ बस्ती का कर चुके हैं दौरा

राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के प्रतिनिधि कुछ दिन पहले यहां कुष्ठ बस्ती जाकर वहां उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ले चुके हैं। इसके साथ ही लालपुर में स्थित कुष्ठ अनुसंधान संस्थान, इंदिरा कुष्ठ बस्ती लेप्रोसी होम एंड हॉस्पिटल पंडरी कुष्ठ चिकित्सालय में मरीजों को प्रदाय की जाने वाली सामग्री, एमसीआर चप्पल, सेल्फ केयर किट, बैसाखी, चश्मा का वितरण संबंधी विस्तृत जानकारी ले चुके हैं।

शहरी इलाके में मरीज, जताई चिंता

छत्तीसगढ़ में कुष्ठ पीड़ितों की संख्या काफी अधिक होने के साथ शहरी इलाके में भी इनकी उपस्थिति पर चिंता जाहिर की गई। प्रतिनिधियों ने जिला अस्पताल के डाक्टरों से इसकी वजह जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा विभागीय सामंजस्य के साथ इसमें कमी लाने पर जोर दिया। उन्होंने लेप्रोसी प्रभावितों के अस्पताल आने से लेकर उनके उपचार शुरू होने तक की प्रक्रिया को जानने का प्रयास किया।

केंद्रीय भंडारण निगम में पौधारोपण, बांटे गए थैले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

केंद्रीय भंडार गृह क्रमांक-4 रावांभाटा रायपुर 14 से 28 फरवरी तक स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम मना रहा है। इसके तहत केंद्रीय भंडार निगम में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पौधारोपण के साथ भंडारगृह के प्रमुख स्थानों पर स्वच्छता जागरूकता के बैनर एवं स्टिकर लगाए गए हैं, वहीं प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत आम लोगों को निःशुल्क कपड़े के थैले बांटकर प्लास्टिक थैले का इस्तेमाल नहीं करने जागरूक किया। भंडार गृह प्रबंधक एसके यादव ने बताया कि स्वच्छता पखवाड़ा के तहत भंडारगृह में साफ-सफाई से लेकर कर्मचारियों सहित आम लोगों में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने बैनर और स्टिकर लगाए गए हैं। इसके लिए भंडार गृह में स्वच्छता के लिए जल एवं स्वच्छता समिति का गठन भी किया है।

- केंद्रीय भंडारण निगम मना रहा स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम

कपड़े की थैलियां की गईं वितरित

जागरूकता पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत सोमवार को केंद्रीय भंडारगृह रावांभाटा रायपुर ने बिरगांव चौक, रावाभाटा बंजारी मंदिर के सामने, खमतराई मार्केट, भनपुरी चौक सहित अन्य स्थानों पर प्लास्टिक मुक्त घर, मोहल्ला, वार्ड व शहर का संदेश देते हुए यहां आम लोगों को कपड़े की थैलियां बांटी और प्लास्टिक थैलियों का इस्तेमाल नहीं करने के लिए जागरूक किया।

मंडी में फसलों की बोली लगाकर खरीद रहे व्यापारी

मंडी में इस बार धान 2000 रुपए से 3350 रुपए प्रति क्विंटल तक बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शासकीय उपार्जन केंद्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी बंद हो गई है, लेकिन मंडियों में अभी भी धान की खरीदी जारी है। मंडी में गैर पंजीकृत किसान हर रोज अपना धान बेचने पहुंचे रहे हैं। व्यापारी भी मंडी में किसानों के धान की क्वालिटी परखकर उसकी बोली लगाकर खरीद रहे हैं।

राजधानी रायपुर के तुलसी-बाराडेरा स्थित कृषि उपज मंडी समिति में पिछले वर्ष की तुलना में इस बार किसानों का धान अधिक कीमत पर खरीदा गया है, जिसके कारण अभी तक 23 सौ से ज्यादा किसान करीब साढ़े 66 हजार क्विंटल धान बेच चुके हैं।

ये फसलें भी बिकीं

मंडी में गेंहू, सरसों, मक्का, लाखड़ी, सोयाबीन एवं मूंग की फसलों की भी बिक्री हो चुकी है। इन फसलों में गेंहू 14 क्विंटल, सरसों 3 क्विंटल, मक्का 12 क्विंटल, लाखड़ी 551 क्विंटल, सोयाबीन 12 क्विंटल एवं मूंग 9 क्विंटल बिका है। इनमें गेंहू अधिकतम 3350 प्रति भाव तक बिका है। इसी प्रकार सरसों 4800 रुपए, मक्का अधिकतम 2800 रुपए, लाखड़ी अधिकतम 5198 रुपए, सोयाबीन 3300 रुपए, मूंग 4800 रुपए क्विंटल के भाव से बिका है।

पिछली बार से इस बार धान की ज्यादा खरीदी

पिछले सीजन की अपेक्षा इस बार धान की अधिक खरीदी हुई है। इस बार उच्च क्वालिटी का धान बेचने भी कई किसान पहुंचे थे, जिससे इस बार धान बेचने वाले किसानों की संख्या भी बढ़ी है। गेंहू, मक्का, कोदो, लाखड़ी सहित अन्य दूसरी फसलें बेचने भी किसान आ रहे हैं।

\- प्रदीप शुक्ला, सचिव, उपज मंडी रायपुर

श्रीराम, जीराफूल, विष्णुभोग जैसी उच्च क्वालिटी का धान भी बिका

मंडी में इस बार 1010, महामाया, सरना, आरबीजी के साथ श्रीराम, जीराफूल एवं विष्णुभोग जैसी उच्च क्वालिटी का धान भी बेचा गया है। मंडी में इस बार भी 1010 महामाया, सरना जैसा धान करीब दो हजार रुपए से लेकर अधिकतम 2351 रुपए क्विंटल के भाव तक बिका, वहीं उच्च क्वालिटी का धान श्रीराम, जीराफूल एवं विष्णुभोग अधिकतम 3111 रुपए से लेकर 3350 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका। इस तरह मंडी में इस बार गैर पंजीकृत किसानों ने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा धान बेचा है। पिछली बार मंडी में उच्च क्वालिटी के धान की बिक्री नहीं के बराबर हुई है।

राहर 6725 रुपए व बटरी की 5000 रुपए लगी बोली

धान के अलावा मंडी में अन्य कई प्रकार की फसलें भी बेचने किसान पहुंच रहे हैं। इस बार मंडी में राहर 6725 रुपए एवं बटरी 5000 रुपए प्रति क्विंटल की दर से बिका है। हालांकि राहर बेचने अब तक सिर्फ एक किसान ही मंडी पहुंचा, जिसके द्वारा एक क्विंटल फसल ही बेची गई है। इसी प्रकार बटरी की फसल बेचने भी 3 किसान ही पहुंचे हैं, जिनके द्वारा 250 क्विंटल फसल बेची गई है।

कोदो की फसल 2200-2686 रुपए क्विंटल की दर से बिकी

जिले में इस बार कई गैर पंजीकृत किसानों ने कोदो की फसल भी लगाई है। इनमें से अब तक 3 किसान 9 क्विंटल कोदो की फसल मंडी में बेच चुके हैं। यह फसल क्वालिटी के अनुसार न्यूनतम 2200 रुपए से अधिकतम 2686 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से खरीदी गई है।

34-35 डिग्री में घूम रहा पारा, 40 की गर्मी मार्च के दूसरे पखवाड़े में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से रायपुर का अधिकतम तापमान अभी 34-35 डिग्री के आसपास घूमता रहेगा। इसके प्रभाव से मौसम में उतार-चढ़ाव का दौर जारी रहेगा। राजधानी में 40 डिग्री की गर्मी मार्च के दूसरे पखवाड़े में ही पड़ने की उम्मीद है। एक बार फिर हवा की दिशा में बदलाव होने की वजह से पारा गर्म होने की संभावना बन रही है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी अलग-अलग दिनों में प्रदेश में हवा उत्तर-पूर्व-दक्षिण दिशा से आ रही है। इसके प्रभाव से कमी दिन में तेज धूप तो कभी रात में हल्की ठंडकता का अहसास हो रहा है। हवा का रुख पूर्व फिर दक्षिण होने की वजह से अब दिन का अधिकतम तापमान में वृद्धि होने की संभावना बढ़ गई है।

सोमवार को शहर का मौसम सामान्य स्थिति में रहा। सुबह हल्की ठंड का अहसास हुआ और दोपहर थोड़ी गर्मी महसूस हुई। शाम होने के बाद हवा की गति सामान्य से थोड़ी अधिक होने के कारण ठंडकता लेकर आई। फरवरी के अंतिम दिनों में गर्मी का प्रभाव थोड़ा बढ़ेगा 40 डिग्री की गर्मी रायपुर में मार्च महीने में होली के बाद ही महसूस होगी। पिछले चौबीस घंटे में दुर्ग सबसे अधिक गर्म रहा और रात का सबसे कम तापमान 11.6 अंबिकापुर में रिकार्ड किया गया।

जय व्यापार पैनल को शहर के 21 व्यापारिक संगठनों ने दिया समर्थन

रायपुर। छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के त्रैवार्षिक चुनाव के लिए 14 अप्रैल से 10 चरण में मतदान होंगे। इस चुनाव में 23 जुलाई 2024 तक सदस्यता प्राप्त 27, 480 सदस्य मतदान कर अपनी पसंद का प्रतिनिधि चुनेंगे। चैंबर चुनाव में मुख्य मुकाबला जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के प्रत्याशियों के बीच होगा। चुनाव को लेकर व्यापारियों संगठनों से मेल मुलाकात का सिलसिला शुरू हो गया है। सोमवार को जय व्यापार पैनल के प्रदेश अध्यक्ष पद प्रत्याशी अमर पारवानी, प्रदेश महामंत्री पद के प्रत्याशी अजय भसीन एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी उत्तम गोलछा ने व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों से मुलाकात की। साथ ही उनके साथ बैठक कर अपने पैनल के प्रत्याशियों को विजयी बनाने अपील भी की। जनसंपर्क के दौरान शहर के 21 व्यापारिक संगठनों से समर्थन पत्र प्राप्त होने की जानकारी जय व्यापार पैनल के जितेन्द्र दोषी ने दी।

बिजनेस साइट

राज्य नीति आयोग ने छत्तीसगढ़ में मिलेट्स उत्पादन और उद्यमिता विकास पर अध्ययन को दी मंजूरी

रायपुर। श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के कला संकाय के अधिष्ठाता, शिक्षाविद् प्रो. मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा राज्य नीति आयोग को प्रस्तुत अध्ययन प्रस्ताव 'असेसमेंट ऑफ कल्टीवेशन, प्रोडक्शन, कंजम्पशन, एन्ड एंट्रेप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट पैटर्न ऑफ मिलेट्स इन छत्तीसगढ़' को आयोग की उच्चस्तरीय अनुमोदन समिति द्वारा मंजूरी मिल गई है। यह अध्ययन छत्तीसगढ़ में श्री धान्य (मिलेट्स) के उत्पादन से लेकर उसकी आपूर्ति श्रृंखला तक के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित है। इस अध्ययन का उद्देश्य राज्य में मिलेट्स की खेती, उत्पादन, खपत और उद्यमिता विकास की स्थिति का व्यापक विश्लेषण करना है। अध्ययन के दौरान, मिलेट्स की आपूर्ति श्रृंखला पर विशेष ध्यान दिया जाएगा, ताकि किसानों, उत्पादकों, प्रोसेसिंग इकाइयों और बाजारों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जा सके।

मैट्स यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय वर्कशॉप

रायपुर। मैट्स स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड आईटी (एमएसईआईटी) के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग ने 24 फरवरी से आरंग कैंपस में तीन दिवसीय कैटिया वर्कशॉप का आयोजन किया। यह वर्कशॉप छात्रों को सीएडी/सीएएम/सीएई सॉफ्टवेयर कैटिया के उन्नत डिजाइन टूल्स के व्यावहारिक ज्ञान से लैस करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है। इस वर्कशॉप में छात्रों ने मैन्युफैक्चरिंग और प्रोटोटाइपिंग के लिए इंजीनियरिंग ड्रॉइंग्स तैयार करने की कला सीखी, जो उनके पेशेवर करियर में सफलता के लिए महत्वपूर्ण साबित होगी। कार्यक्रम का संचालन श्री नरेश केसरीया ने किया, वर्कशॉप के उद्घाटन सत्र में डॉ. आशा अंभईकर ने छात्रों की भागीदारी की सराहना की। डॉ. वीरेन्द्र नायक ने भी तकनीकी सत्रों की आवश्यकता को उजागर किया। इस सफल आयोजन की सराहना करते हुए मैट्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति गजराज पगारिया ने आयोजन समिति और प्रतिभागियों के प्रयासों की प्रशंसा की। मैट्स यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर जनरल प्रियेश पगारिया ने ऐसे तकनीकी कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

साइंस कालेज से रविवि गेट के सामने तक मनाया जाएगा राहगीरी दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- सड़क सुरक्षा पर्यावरण जागरूकता थीम, 1 मार्च शाम 5 से 8 बजे, 2 मार्च सुबह 7 से 10 बजे कार्यक्रम
- नगर निगम रायपुर और राहगीरी फाउंडेशन का संयुक्त आयोजन
- जुंबा, योग, साइकिल चलाना सहित खेल प्रतियोगिता आकर्षण का केन्द्र

नगर निगम के संस्कृति विभाग और राहगीरी फाउंडेशन के सहयोग से शहर में सड़क सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता थीम पर दो दिवसीय राहगीरी दिवस का आयोजन किया जा रहा है। 1 मार्च को शाम 5 बजे से रात्रि 8 बजे और 2 मार्च को सुबह 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक विविध गतिविधियां देखने को मिलेंगी। राजधानी के जीई रोड पर साइंस कालेज गेट के सामने से लेकर पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय गेट तक आयोजन किया जायेगा। इसमें जुंबा, योग, विविध गतिविधियां, चिकित्सा शिविर, साइकिल चलाना सहित खेल प्रतियोगिता शामिल रहेगी।

1 और 2 मार्च को शहरवासियों के लिए राहगीरी दिवस का आयोजन शहर में पहली बार राहगीरी फाउंडेशन द्वारा किया जा रहा है। नागरिकों को सड़क सुरक्षा, फिटनेस गतिविधि, पर्यावरण जागरूकता सहित सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने कार्यक्रम आयोजित है। शहर के जीई रोड पर साइंस कालेज गेट के सामने से विश्वविद्यालय गेट तक विविध गतिविधियां की जायेंगी। राहगीरी फाउंडेशन की ओर से देश के विभिन्न शहर जैसे गुरुग्राम, दिल्ली में राहगीरी दिवस का आयोजन कर समाज के विभिन्न वर्गों को एक साथ लाने अलग-अलग गतिविधियां आयोजित कर जोड़ा गया। राहगीरी दिवस के दिन शहर की किसी सड़क या स्थल को नो व्हीकल जोन घोषित कर आयोजन किये जाते हैं। आयोजकों का कहना है कि बाकी शहरों में राहगीरी दिवस केवल एक दिन आयोजित किया जाता है, पर रायपुर शहर में दो दिवसीय राहगीरी दिवस का आयोजन 1 व 2 मार्च को किया जायेगा।

किसानों की आय बढ़ाने के लिए सांसद बृजमोहन ने दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- लोकसभा सचिवालय की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की बैठक में शामिल हुए

लोकसभा सचिवालय की रसायन और उर्वरक संबंधी स्थाई समिति की महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में आयोजित की गई।

बैठक में रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंत्रालय के अधिकारियों से विस्तारपूर्वक विचार-विमर्श किया। उन्होंने उर्वरक, रसायन, पेट्रोकेमिकल और औषधि क्षेत्र में सरकार की नीतियों और योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत दिए। इसमें सबसे अहम सुझाव किसानों की आय बढ़ाने का है। श्री अग्रवाल ने सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि छत्तीसगढ़ समेत देश के किसानों को समय पर और किफायती दरों पर उर्वरक मिल सके, जिससे उनकी उत्पादन लागत कम हो और कृषि क्षेत्र में मजबूती आए। उन्होंने देश में रसायन उद्योग को सशक्त करने और फार्मा सेक्टर में आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर बल दिया।

हरिभूमि

रायपुर, मंगलवार 25 फरवरी 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937

'शिव भक्तों ने महाशिवरात्रि से पहले ही उत्सव का रूप देने की तैयारी शुरू की है। 26 फरवरी को शिव उपासकों को दिनभर पूजा-अभिषेक के लिए शुभ मुहूर्त मिल रहा है। इसे देखते हुए शिवालयों में पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक किया जाने वाला है। इस बार शोभायात्रा में झांकी के साथ शिव भजनों की धूम मचने वाली है। सनातन धर्मी सैकड़ों युवा त्रिशूल यात्रा निकालने वाले हैं। मंगलवार से उत्सव का माहौल बनने वाला है।'

झांकी-शोभायात्रा से सजेगा उत्सव, मंदिरों में सोने व चांदी के जेवरों से होगा श्रृंगार

महाशिवरात्रि को खास बनाने जगह-जगह तैयारी, महापर्व से पहले मंदिरों में प्रबंधन ने शुरू की तैयारी

रायपुर। शिवालयों में इस बार महाशिवरात्रि से एक दिन पहले ही शाम से आयोजनों का आगाज होने वाला है। इसके लिए शहर के छोटे-बड़े मंदिरों में आयोजकों ने तैयारी शुरू कर दी है। धरमपुरा में एक दिन पहले शाम से राम धुन संकीर्तन के साथ भजन संध्या शुरू होगी। सरोना शिव मंदिर में भक्तों का मेला लगने वाला है। यहां भक्त परिवार अभिषेक कराने के लिए पहले ही जानकारी देते हैं। भाठागांव के श्रीहर नीलकंठेश्वर मंदिर में शिवरात्रि पर उत्सव तो दूसरे दिन भोग-भंडारे का आयोजन भक्तों के लिए होगा। मंदिरों में दर्शन के लिए पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को भोलेनाथ शिवरात्रि पर आकर्षक श्रृंगार में दर्शन देंगे। शहर की बस्तियों और कॉलोनियों में होने वाले धार्मिक आयोजनों से शिवरात्रि पर भक्ति का रंग चढ़ेगा।

24 घंटे रामधुन, निकलेगी बारात

महाशिवरात्रि पर 48 घंटे तक धरमपुरा बाजार चौक स्थित शिव मंदिर में उत्सव मनाने की तैयारी है। ग्राम पंचायत के मार्गदर्शन में एक दिन पहले यानी 25 फरवरी की शाम 4 बजे से रामधुन शुरू होगी और 27 फरवरी की शाम 4 बजे तक जारी रहेगी। दानेश साहू ने बताया कि शिव परिवार व देवी-देवताओं की झांकी खास होगी। श्री हाटकेश्वर नाथ मंदिर में 25 फरवरी की शाम को अर्ध्य नारेश्वर स्वरूप में श्रृंगार और आरती होगी। महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि महादेव घाट में ब्रह्म मुहूर्त में पूजा और श्रृंगार होगा।

शिवधाम में पूजन व रुद्राभिषेक पारद शिवलिंग का दर्शन

ग्राम तुलसी स्थित शिवधाम महाशिवरात्रि के अवसर पर भोलेनाथ के जयकारों से गूंजेगा। इस दिन खारुन नदी के पवित्र जल से शिवलिंग का अद्भुत अभिषेक किया जाएगा। साथ ही दूध, शहद और अन्य द्रव्यों से भी शिवलिंग का पूजन होगा। फूलों, धतूरा और बेल पत्रों से शिवलिंग का मनमोहक श्रृंगार किया जाएगा। संकल्प मिश्रा ने बताया कि शिवधाम शोध एवं सेवा संस्थान द्वारा खारुन नदी के किनारे स्थित ग्राम तुलसी में शिवधाम तीर्थ क्षेत्र का विकास किया गया है, जहां भगवान अघोरेश्वर राम और मां काली (अघोरेश्वरी) की अलग-अलग मंदिरों में प्रतिमाएं स्थापित हैं। अघोरेश्वर महादेव मंदिर में भक्तों को विशाल शिवलिंग के रूप में दर्शन होते हैं, वहीं भू-तल में नीलकंठ पारा निर्मित शिवलिंग विराजमान हैं, जिसका दर्शन अत्यंत कल्याणकारी और लाभकारी माना जाता है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर यहां पूर्वान्ह 11 बजे से पूजन और रुद्राभिषेक होगा। दोपहर 2:30 बजे प्रसादी वितरण के बाद संध्या साढ़े 4 बजे शिवजी की बारात निकाली जाएगी। शिवधाम में विशेष पूजा और अभिषेक भी किया जाएगा।

चांदी के आभूषणों से होगा श्रृंगार

पाटन के ठकुराइन टोला स्थित शिव मंदिर में मेला उत्सव की तैयारी है। यहां हर साल की तरह पारंपरिक तरीके से ही महाशिवरात्रि का आयोजन होगा। इसके लिए समिति ने तैयारी की है। बारात स्वागत सहित सारी रस्में विधि-विधान से निभाई जाएंगी। मंदिर प्रबंधन ने जिम्मेदारी बांटी है, ताकि व्यवस्था बना सकें।वहीं, श्रीहर नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर भाठागांव के प्रमुख मनोज वर्मा ने बताया कि 26 फरवरी को ब्रह्म मुहूर्त में पूजा-अर्चना के साथ अभिषेक शुरू होगा। इस बार ओडिशा और दुर्ग की टीम झांकी और उत्सव को खास बनाएंगे।

बारातियों संग शिव की झांकी खास

धर्म प्रचार समिति के सदस्य भीखम देवांगन ने बताया कि बिरगांव के मेटल पार्क में महाकालेश्वर शिव मंदिर में शिवरात्रि पर दिनभर आयोजनों का सिलसिला चलने वाला है। यहां 51 सौ पार्थिव शिवलिंग का प्रयाग कुंभ से लाए गए गंगा जल से रूद्राभिषेक किया जाएगा। आयोजक सरला देवांगन ने बताया कि इसके साथ ही भोलेनाथ की भव्य झांकी निकाली जाएगी। जो क्षेत्र का भ्रमण करते हुए महाकालेश्वर धाम लौटने पर विधि-विधान से समापन होगा। सांस्कृतिक श्रृंखला में भोलेनाथ के भजनों से भक्तिमय माहौल बनेगा। आरके शुक्ला ने बताया कि इस कड़ी में भोग प्रसादी का आयोजन भक्तों के लिए किया जाएगा।

सिटी इवेंट

गंभीर रोगों के निदान पर डॉक्टर ने की चर्चा, सतत शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

रायपुर। पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग द्वारा हिस्टोपैथोलॉजी विषय पर एक दिवसीय सतत चिकित्सा शिक्षा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में राज्यभर से 148 पैथोलाजिस्ट और स्नातकोत्तर चिकित्सा छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. विवेक चौधरी अधिष्ठाता ने किया और सतत शिक्षा के महत्व पर बल दिया। इस मौके पर सीएमई के आयोजन अध्यक्ष डॉ. अरविंद नेरल, आईएपीएम अध्यक्ष डॉ. रेणुका गाहिने और आईएपीएम सचिव डॉ. जयंती चंद्राकर भी उपस्थित थे। कार्यक्रम में हिस्टोपैथोलॉजी और साइटोपैथोलॉजी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई।

स्टूडेंट्स ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

प्रमुख वक्ताओं में प्रो. रजनी यादव (दिल्ली) और डॉ. सुप्रिता नायक (नागपुर) शामिल थे, जिन्होंने आमाशय, लार ग्रंथियां, लीवर और पित्ताशय की बीमारियों के निदान पर विस्तृत जानकारी दी। इसके अलावा डॉ. राबिया परवीन सिद्दीकी, डॉ. वर्षा पांडे और डॉ. वनीता भास्कर ने भी अपने अनुभव साझा किए। सीएमई के तकनीकी सत्रों का संचालन डॉ. रीति शर्मा और डॉ. कस्तूरी मंगरुलकर ने किया। वहीं, उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. विकास बोंबेश्वर व धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चन्द्रकला जोशी ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. अमित भारद्वाज, डॉ. रुचि वर्मा, डॉ. अनुभव चंद्राकर सहित समस्त पीजी स्टूडेंट्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

लाइव इवेंट

घरों के इंटीरियर डिजाइन, फर्नीचर और किचन में बदलाव के लिए एक्सपर्ट ने दिए टिप्स

रायपुर। ऊर्जा लेडीज़ सोसाइटी की ओर से इंटीरियर डिजाइन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को विषय से जुड़ी जानकारी देने के लिए इंटीरियर डिजाइनर रिद्धि खोसला जालान को विशेष रूप आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें हाउसवाइव्स, एंटरप्रेन्योर्स, इंटीरियर डिज़ाइनर्स और आर्किटेक्ट्स शामिल थे। बताया गया कि घर का इंटीरियर कहां और कैसे करवाना चाहिए और भारत में उपलब्ध विभिन्न ब्रांड्स के माध्यम से फर्नीचर और किचन इंटीरियर्स में कैसे बेहतरीन बदलाव किए जा सकते हैं। इस आयोजन ने इंटीरियर डिजाइन के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ-साथ इस क्षेत्र में भारत के बढ़ते अवसरों को भी उजागर किया।



विशेषज्ञों की सलाह जरूरी

रिद्धि खोसला जालान ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि भारत में इंटीरियर डिजाइन और फर्नीचर के क्षेत्र में अपार प्रतिभा मौजूद है। उन्होंने कहा कि इंटीरियर डिजाइन और फर्नीचर के लिए विदेश जाने की जरूरत नहीं है। हमें अपने देश के विशेषज्ञों और ब्रांड्स पर विश्वास करना चाहिए। साथ ही, रिद्धि ने यह भी बताया कि किस तरह इंटीरियर डिजाइन से जुड़े निर्णयों में विशेषज्ञों की सलाह लेनी चाहिए। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि इंटीरियर डिजाइन के लिए एक पेशेवर इंटीरियर डेकोरेटर की मदद लेना उतना ही ज़रूरी है, जितना घर के निर्माण के लिए आर्किटेक्ट की सहायता लेना।

ऋतु आधारित रागों पर छात्रों ने दी प्रस्तुति गीतों से बसंत के सुंदर मिलन का किया वर्णन

रायपुर। कमलादेवी संगीत महाविद्यालय में बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (अंतिम सेमेस्टर) के विद्यार्थियों द्वारा ऋतु आधारित रागों पर एक विशेष संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इसमें राग बसंत, राग बहार और राग बसंत-बहार की विशिष्ट रचनाओं को विभिन्न तालों और लयों में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत राग बहार से हुई, जिसमें धमार ताल में होरी खेलत सीरी मोहन राधे घन है आज की बार... की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस रचना में श्रीकृष्ण और राधा की होली का सजीव वर्णन था। इसके बाद द्रुत लय तीनताल में तराना और पारंपरिक बंदिशें बालम माई रे बरन-बरन की कलियां खिलाया..., प्रस्तुत की गईं, जिन्होंने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

वाद्ययंत्रों के साथ दी प्रस्तुति

राग बसंत में एकताल में बड़े रामदास जी की बंदिश सरस रंग फूली रहे हो बगियन... और त्रिताल मध्यलय में फ़गवा ब्रिज देखने को चलो री... का सुमधुर गायन हुआ। इसके साथ ही एकताल मध्यलय में फुलवा बिनत डार-डार गोकुल की सब कुंवारी... का शानदार गायन हुआ। राग बसंत-बहार की विशेष बंदिश विकसित नव पात लोने, बेली बिरछ डारन में, अंग में सुगंध रंग, फूलन में फूली रहियो हो...प्रस्तुत की गई, जिसमें राग बहार और राग बसंत के सुंदर मिलन को दर्शाया गया। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट गायन को हारमोनियम पर डॉ. दीपक बेडेकर और तबले पर हरि पटेल की संगत ने और प्रभावशाली बना दिया। इस संगीत संध्या ने संगीत के प्रति विद्यार्थियों की कठिन साधना और समर्पण को उजागर किया, और श्रोताओं को एक यादगार संगीत अनुभव दिया।

9 को गीत-संगीत से सजेगा मंच मिलेगा विप्र महिला शिखर सम्मान

रायपुर। आगामी 9 मार्च को वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और सर्व युवा ब्राह्मण परिषद के संयुक्त प्रयास से होने वाले विप्र महिला शिखर सम्मान के लिए मीटिंग की गई। प्रोफेसर कॉलोनी स्थित प्रांतीय कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अरविन्द ओझा एवं महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग हुई। इसमें अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश में विभिन्न विधा के ख्याति अर्जित करने वाली विप्र नारी शक्ति को महिला शिखर सम्मान देने के लिए भव्य आयोजन करने के लिए मंथन किया गया। इसमें गीत -संगीत और नृत्य से मंच सजाने के लिए जिम्मेदारी बांटी गई। इसमें अतिथि के रूप में महापौर मीनल चौबे एवं विजयी विप्र महिला पार्षदों को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

एक मार्च तक जमा होगा बायोडाटा

महिला शिखर सम्मान योग्य महिलाओं का बायोडाटा 01 मार्च तक आमंत्रित है। इसे संगठन की चयन समिति द्वारा अंतिम रूप दिया जाएगा। इस अवसर पर समूह नृत्य और गायन प्रतियोगिता भी आयोजित है। सभी प्रतिभागियों को सम्मान पत्र व विजेता को स्मृति चिन्ह प्रदान किया जाएगा। इस बैठक में महासचिव अजय अवस्थी, सुनील ओझा, प्रांतीय सलाहकार रज्जन अग्निहोत्री, सांस्कृतिक सचिव प्रीति मिश्रा को भी अलग-अलग काम की जिम्मेदारी दी गई। यह आयोजन नारी शक्ति को शिखर सम्मान देने के लिए इस बार भी किया जाएगा।

डॉ. दीक्षित को मिला नॉर्मन बोरलॉग अवार्ड

रायपुर। भाई गुरुदास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, संगरूर और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय और एग्रोमीट फाउंडेशन भारत द्वारा दो दिवसीय 20 और 21 फरवरी तक अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी 'न्यूट्रिएंट-2025' संगरूर पंजाब में आयोजित की गई। इस संगोष्ठी में आईसीएआर-राष्ट्रीय जैविक स्ट्रैस प्रबंधन संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ. अनिल दीक्षित को उनके पिछले 32 सालों में सस्यविज्ञान की उन्नत तकनीकों एवं खरपतवार विज्ञान से संबंधित किसानों के लिए तकनीकी एवं प्रचार-प्रसार में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रतिष्ठित नॉर्मन बोरलॉग अवार्ड से नवाजा गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पंजाब कृषि विश्वविद्यालय लुधियाना के कुलपति डॉ. एसएस गोसल, आईसीएआर संस्थान के संयुक्त निदेशक डॉ अनिल दीक्षित विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। भाई गुरुदास ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के निदेशक डॉ. तनुजा श्रीवास्तव एवं एग्रोमीट फाउंडेशन भारत के मुख्य सचिव डॉ. अंकुर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। डॉ. दीक्षित को आदिवासी क्षेत्रो में उनके उत्कृष्ट कृषि अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय स्तर का फकरूदीन अली अहमद अवार्ड से पुरस्कृत किया गया है। हाल ही में डॉ. दीक्षित को गोल्ड मेडल से नवाजा गया था, यह गोल्ड मेडल इंडियन सोसाइटी ऑफ एग्रोनॉमी द्वारा प्रदत्त किया गया था। डॉ. दीक्षित को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सर्वोच्च सम्मान लाइफ टाईम अचीवमेंट स्वामीनाथन अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है। पिछले 2 वर्षों में डॉ. दीक्षित को राष्ट्रीय स्तर पर पांचवा पुरुस्कार दिया जाना छत्तीसगढ़ राज्य के लिए अत्यन्त गौरव की बात है।

कार्नर न्यूज

मनुष्य सही को छोड़कर वह रास्ता चुनता है जो उसे पसंद है, इससे संसार में उत्पन्न होती हैं समस्याएं

अंतरराष्ट्रीय वक्ता और शांति दूत प्रेमरावत को सुनने दूसरे राज्यों से पहुंचे लोग

रायपुर। अंतरराष्ट्रीय वक्ता और शांति दूत प्रेमरावत ने नया रायपुर स्थित कन्वेंशन सेंटर में जनसमूह को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, ओडिशा और अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए थे। प्रेमरावत ने अपने संबोधन की शुरुआत में कहा कि यह कार्यक्रम सुनने और समझने का एक सुंदर अवसर है। उन्होंने बताया कि इस संसार के हर व्यक्ति तीन कानूनों से बंधा हुआ है - एक दिन हम इस संसार में आए थे, अभी हम जीवित हैं और एक दिन हमें इस संसार से जाना होगा। उन्होंने आगे समझाया कि जैसे हम गंगा के तीर्थ स्थल प्रयागराज तक पहुंचने के लिए यात्रा करते हैं, वैसे ही एक गंगा हमारे भीतर भी है। इस अंदर की गंगा में डुबकी लगाने के लिए हमें कहीं बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है, हमें केवल अपने भीतर जाने की आवश्यकता है।

जीवन में समझाया सांस का महत्व

प्रेमरावत जी ने जीवन में दो रास्तों का उल्लेख किया कि पहला है श्रेय, यानी जो सही है उसे चुनना और दूसरा है प्रेय, यानी जो अच्छा लगे उसे चुनना। उन्होंने कहा कि मनुष्य अक्सर सही को छोड़कर वह रास्ता चुनता है जो उसे पसंद आता है, जिससे संसार में समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने जीवन में सांस के महत्व को समझाते हुए कहा, यह जो सांस आ रही है, जा रही है, यह भगवान की कृपा है। जब तक यह चल रही है, तब तक तुम जीवित हो। तुम इस बात का निर्णय ले सकते हो कि तुम्हारी जिंदगी में क्या होना चाहिए। जब तक तुम जीवित हो, तुम आनंद का अनुभव कर सकते हो, जो तुम्हारे अंदर है। अगर तुमने यह निर्णय ले लिया कि तुम आनंद का अनुभव करना चाहते हो, तो मैं तुम्हारी मदद कर सकता हूं।

हजारों की संख्या में पहुंचे लोग

कार्यक्रम के अंत में प्रेमरावत ने कहा कि इस जीवन में जो कुछ भी होता है, वह तुम्हारी मर्जी से होता है। इसलिए जो कुछ भी करो, सोच-समझ कर करो। तुम अपना जीवन आनंद से भर सकते हो। हर किसी के अंदर शांति और आनंद है, जिसे वह अनुभव कर सकता है। प्रेमरावत को सुनने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। शाम 5 बजे कार्यक्रम शुरू हुआ जो लगभग तीन घंटों तक लगातार जारी रहा। प्रेमरावत की प्रेरक वचनों ने लोगों को जीवन जीने की नई दिशा दी।

सिटी लाइव

आधुनिकता दौर में व्यक्ति का जीवन विज्ञान से घिरा हुआ है

रायपुर। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद द्वारा जिला स्तरीय राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया। शहर स्थित हिन्दू हायर सेकंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के लिए यह आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्रों में विज्ञान अनुसंधान के प्रति रुचि बढ़ाना है। इस दौरान विजय खंडेलवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जिन्होंने संबोधन में विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा, डॉ. सीवी रमन ने अपने द्वारा खोजे गए रमन इफेक्ट के कारण नोबेल पुरस्कार हासिल किया। विद्यार्थियों में नई विषय वस्तु को जानने की ललक होती है। जीवन में सफलता कुछ नया सीखने का जुनून आपको आगे बढ़ने में मदद करेगा।

बिना विज्ञान के नहीं कर सकते हैं कोई काम

विशिष्ट अतिथि दुबा महाविद्यालय से प्रो. डॉ. रागिनी पाण्डेय ने कहा कि भौतिकी हमारे दैनिक जीवन का अहम हिस्सा है। हम बिना विज्ञान के कोई काम नहीं कर सकते हैं। आधुनिकता के दौर में व्यक्ति का जीवन विज्ञान से घिरा हुआ है। इस दौरान विद्यार्थियों के लिए साइंस क्यूज, साइंस मॉडल प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग स्पर्धा का आयोजन किया गया। साथ ही शिक्षकों के लिए वर्कशॉप भी आयोजित की गई। जिसमें शिक्षकों को बेहतर शिक्षण प्रणाली पर व्याख्यान दिया गया। कार्यक्रम में 106 से अधिक विद्यार्थी, 65 शिक्षक और 10 से अधिक विद्यालय के प्राचार्य शामिल हुए। पोस्टर मेकिंग में प्रथम अवंतिका सिंग, द्वितीय पिंकी प्रजापति, तृतीय संध्या भारती विजेता रही।

धर्म लाइव

निशुल्क दंत और नेत्र परीक्षण शिविर, 200 मरीजों ने उठाया लाभ

रायपुर। राजधानी के टाटीबंध स्थित अग्रसेन भवन में रविवार को अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन की छत्तीसगढ़ इकाई एवं भारतीय पीरियोडोंटोलॉजी सोसाइटी (छत्तीसगढ़ चैप्टर) के संयुक्त सहयोग से निशुल्क दंत एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का 200 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया। इस दौरान उन्हें मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गईं।

ये रहे उपस्थित

शिविर का उद्घाटन समाज के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में हुआ, जिसमें मुख्य रूप से अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ईश्वरप्रसाद अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, प्रदेश अध्यक्ष विजय अग्रवाल, अध्यक्ष अग्रवाल सभा, महामंत्री मुरली अग्रवाल, कर्तव्य अग्रवाल, युवा चेयरमैन प्रमोद जैन, प्रदेश अध्यक्ष के अलावा कोषाध्यक्ष अमित अग्रवाल, राकेश अग्रवाल और अमर सुल्तानिया शामिल रहे। इस मौके पर भारतीय पीरियोडोंटोलॉजी सोसाइटी जोहार के प्रतिनिधियों में अध्यक्ष डॉ. सौरभ भंडारी, मुख्य शिविर समन्वयक डॉ. जितेंद्र सराफ, सचिव डॉ. श्रुति भटनागर, कोषाध्यक्ष डॉ. शिशम वर्मा और कार्यकारिणी सदस्य डॉ. केएस संघा, डॉ. वैभव तिवारी, डॉ. रविंद्र सोनी, डॉ. तरुण भटनागर, डॉ. नुपूर साहू सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

समाज इवेंट

वैदिक रीति-रिवाज से 51 जोड़े का होगा सामूहिक विवाह

रायपुर। फुलेरा दूज यानी एक मार्च को रावांभाठा स्थित होटल एंट्री पाइंट परिसर में 15 हजार वर्गफीट में भव्य पंडाल बनेगा। इसमें निशुल्क सामूहिक विवाह के लिए 95 लोगों ने आवेदन किया था। इनमें पात्र पाए गए 51 जोड़े की शादी की जिम्मेदारी छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन ने वहन करने का भी निर्णय लिया है। इसमें प्रत्येक जोड़े को घर में उपयोग सामग्री भी उपहार स्वरूप दी जाएगी। सोमवार को पत्रकार वार्ता में यह जानकारी संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. अशोक अग्रवाल, सलाहकार दीनदयाल गोयल ने दी। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है, जो तय समय पर सभी काम को सुनियोजित तरीके से पूरा करवाने में आयोजकों को सहयोग करने वाले हैं। इसमें महिलाओं और पुरुषों के ग्रुप द्वारा 51 वैदिक आचार्यों की अगुवाई में एक दिन में शादी करवाई जाएगी।

आयोजन में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

मीडिया प्रभारी ज्योती अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल ने बताया कि इस वैवाहिक आयोजन को विधि- विधान से करवाने के लिए दायित्वों का विभाजन किया गया है। इसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के साथ विधायक पुरन्दर मिश्रा, मोतीलाल साहू, सुनील सोनी, राजेश मूणत, पूर्व विधायक सत्यनारायण शर्मा भी वर-वधू को आशीष देंगे। इस कार्यक्रम में जितने भी जोड़े शामिल होंगे, उनके परिवार के 8-8 लोगों की सूची तैयार की गई है। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए युवाओं को भी जिम्मेदारी बांटी गई है। यह व्यवस्था आयोजन को तय समय पर पूरा करवाने के लिए बनाई गई है।

● राजधानी में होली के लिए सजने लगा बाजार, वैरायटी में हर वर्ग की पसंद की हाई प्रेसर पिचकारी खास

मोबाइल की तरह चार्जिंग सुविधा वाले इलेक्ट्रिक वॉटर गन, एके -47, घोड़े के शेप में पिचकारी

'जैसे-जैसे रंगों का महापर्व नजदीक आ रहा है, वैसे-वैसे बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। इस बार की होली को खास बनाने के लिए हाई प्रेसर पिचकारी भी दुकानों में सजाई जाने लगी है। मजे कि बात यह है कि यह बैटरी से नहीं, बल्कि मोबाइल की तरह चार्जिंग करने पर चलेंगी। इसका रेट सामान्य पिचकारी की अपेक्षा ज्यादा है। इसे आकर्षक लुक देने के लिए वॉटर गन, पिस्टल, एके 47 के साथ ही घोड़े के शेप में तैयार किया है। इसके साथ ही बैटरी से चलने वाली पिचकारी को भी बाजार में लोग पसंद कर रहे हैं।'

रायपुर। शहर के गोलबाजार और चिकनी मंदिर लाइन की थोक व छोटी दुकानों में इन दिनों दिल्ली, मुंबई, कोलकाता से मंगाई गई पिचकारियों की धमक बढ़ गई है। इस बार हर्बल रंग व गुलाल ही नहीं, बल्कि बच्चों के लिए खास तरीके के तैयार की गई पिचकारी की विशाल रेंज सजाई गई है। इनमें बैटरी और इलेक्ट्रिक वॉटर टैंक की पूछ-परख ज्यादा है। इसे छोटे बच्चे ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इनके लिए पिचकारी खरीदने पहुंचने वाले लोग दोनों ही तरह की पिचकारी को खरीदने में रुचि ले रहे हैं। सबसे ज्यादा डिमांड इस सीजन में इलेक्ट्रिक पिचकारी की है। दाम में अंतर को देखते हुए इस बार लोग हाई प्रेसर इलेक्ट्रिक पिचकारी लेना ज्यादा पसंद कर रहे हैं। इसे देखते बाजार में अब डिमांड बढ़ रही है।

बैटरी वाले ऑटोमैटिक गन खास

बच्चों के लिए बाजार में आई एवं फेस मास्क की विशाल रेंज हैं। इसे लगाने से आंखों के साथ चेहरे को भी रंगों के इंफेक्शन से बचाने के लिए लोग खरीद रहे हैं। रायपुर निगम क्षेत्र में दुकान सजाने वाले छोटे रिटेलर्स तो महंगी पिचकारी के लिए आर्डर करने अरिहंत जैन और धनराज के पास पहुंच रहे हैं। इनके पास होली को यादगार बनाने के लिए ढेरों साजो-सामान हैं। हाई प्रोफाइल फैमिली के लोग बच्चों के लिए बैटरी से चलने वाले ऑटोमैटिक गन खरीद रहे हैं। 200 से हजार रुपए की रेंज में मिलने से आर्डर कर रहे हैं।

हाई प्रेसर गन से नहीं बचेंगे लोग

बच्चों को रंग खेलते देखकर जाने कितने ही लोग उनके सामने आने से बचते हैं। लेकिन, इस बार बच्चों के हाथों में मौजूद इलेक्ट्रिक और बैटरी से रंगों की धार छोड़ने वाले हाई प्रेसर पिचकारी से निकलने वाले रंगों से बचना किसी के लिए भी आसान नहीं होगा। क्योंकि एके-47, वॉटर गन ही नहीं, वॉटर टैंक में भी एक लीटर से ज्यादा रंग भरा जा सकता है। इससे बच्चों को बार-बार इसमें रंग भरने की जरूरत भी नहीं होगी। इसे देखते हुए पालक भी 400 से 15 सौ रुपए की रेंज में बिक रही इलेक्ट्रिक पिचकारी खरीदने लगे हैं।

150 से हजार रुपए में पिचकारी

बच्चों के उत्साह को दोगुना करने के लिए बाजार में एयर गन के साथ वॉटर टैंक, सिलेंडर और गुलाल सिलेंडर की 150 से लेकर हजार रुपए में विशाल रेंज हैं। बैटरी से चलने वाले गन से हर्बल गुलाल की फुहार के लिए बाजार में गुलाल गन भी देखने को मिलने लगा है। बंदूक पिचकारी के पुराने दौर की नहीं, बल्कि नए दौर के लिहाज से डिजाइन की है। पाइप के साथ लोटे के शेप में बनाई गई पिचकारी की पूछ-परख इस होली के सीजन में भी बरकरार बनी है। इस बार वॉटर टैंक, बंदूक, स्मोक शॉट की धूम रहेगी।

कई सीजन में उपयोग कर सकेंगे

डिलर्स ने इस बार छोटे बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए एनीमेशन कैरेक्टर प्रिंटेड पिचकारी को भी मार्केट में उतारा है। इनमें डीपर एंड बनी, ट्रांसफार्मर और शिवा प्रिंट वाले पिचकारी के साथ ही वॉटर टैंक और गुलाल टैंक उपलब्ध करवा रहे हैं। इस तरह की पिचकारी को बच्चों की पसंद को देखते हुए तैयार किया है। इसे रिटेलर्स भी आर्डर देने में रुचि ले रहे हैं। इस पिचकारी से उन्हें कमाई के साथ खरीदने वाले लोगों को फायदा मिलने वाला है। इसे संभालकर चलाने से इन्हें कई सीजन में उपयोग किया जा सकेगा।

कामरेड अकबर व सलमा सरोश की याद में हुआ मुशायरा

हौसला रखो, रात बीतेगी देखना रोशनी ही जीतेगी...

रायपुर। फिल्म आर्ट कल्चर एंड थियेट्रिकल सोसायटी की ओर से कामरेड अकबर व सलमा सरोश की याद में रंग मंदिर के सभागार में 7वां ऑल इंडिया मुशायरा आयोजित किया गया, जिसमें देश के कई नामचीन शायर व शायरा शामिल हुए। मुशायरे का आगाज़ हमेशा की तरह अल्लामा इक़बाल की मशहूर नज़्म लब पे आती है दुआ बनके तमन्ना मेरी.., के समूह गायन की सस्वर सांगीतिक प्रस्तुति से हुआ। मुशायरे की सदारत मशहूर शायर इक़बाल अशहर दिल्ली ने की।

संचालन दिल्ली से आए प्रोफेसर मुसव्विर रहमान ने किया। मुशायरे में सदरत कर रहे इक़बाल अशहर एवं नाज़िमे मुशायरा प्रोफेसर रहमान मुसव्विर दिल्ली सहित रश्मि सबा (ग्वालियर), शगुफ्ता यासमीन ग़ज़ल (कोलकाता), तारा इक़बाल रायबरेलवी, माधवी शंकर, जावेद नदीम नागपुरी, इस्माईल राज़ (अमरावती), डॉ. दिलावर हुसैन (मुंबई) ने अपने कलाम पेश कर समा बांध दिया। सभी शायरों और शायरात ने एक से बढ़कर एक शायरी सुनाई। श्रोताओं ने शायरी का भरपूर आनंद लिया और दिल खोलकर दाद दी।

देर रात तक सजी रही महफिल

मुशायरे के प्रारंभ में छत्तीसगढ़ के तमाम शायरों को संकलित किए शफ़ीक रायपुरी की पुस्तक छत्तीसगढ़ के मुसन्नेफ़ीन व शोअरा का विमोचन शायर इक़बाल अशहर ने किया। इस अवसर पर शफ़ीक रायपुरी, अफ़साना निगार रौनक जमाल, शायर फजले अब्बास सैफ़ी, सुहैल आलम कामटी, साहित्यकार जीवेश चौबे, रियाज़ अम्बर एवं शायर सुखनवर हुसैन उपस्थित थे। मुशायरे में बड़ी तादाद में उपस्थित रसिकों ने देर रात तक उम्दा व बेहतरीन शायरी का जमकर लुफ्त उठाया।

जुनून यही एक ख़्वाब मेरा है

कार्यक्रम में शायरों ने अपनी रचनाओं से सभी को प्रभावित किया। दिल्ली से इक़बाल अशहर ने कहा, हौसला रखो, रात बीतेगी, देखना रोशनी ही जीतेगी, यही जुनून यही एक ख़्वाब मेरा है, वहां चराग़ जला दूं, जहां अंधेरा है...। इसके बाद ग्वालियर से रश्मि सबा ने कहा, दिलों से होती हुई रूह से उतर आई, किसी की याद भी आई तो किस क़दर आई...। कार्यक्रम में दिल्ली के प्रोफेसर रहमान मुसव्विर ने मेरे कमरे में जुगनू की तरह यादें चमकती हैं, तुम्हारा ज़िक्र होता है तो ये आंखें चमकती हैं..., की प्रस्तुति दी।

सात्विक भोजन से मन, विचार और भावनाओं की बढ़ती है पवित्रता

रायपुर। हर साल की तरह इस साल भी छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सभी सदस्यों को शुद्ध और सात्विक भोजन का अवसर प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजनीतिज्ञ सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर विधानसभा में पक्ष और विपक्ष के सभी सदस्य ब्रह्माकुमारी के शान्ति सरोवर रिट्रीट सेंटर में इकट्ठा हुए। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज प्रदेश की युवा पीढ़ी नशे का शिकार हो रही है और यह चिंता का विषय है। इस कठिन समय में ब्रह्माकुमारी संस्था ने युवा पीढ़ी को सही मार्ग पर लाने का कार्य शुरू किया है, जो सराहनीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत 24 वर्षों से बजट सत्र के दौरान सभी विधायक शान्ति सरोवर में आकर सात्विक भोजन का सेवन करते हैं, जो एक अच्छी परंपरा बन चुकी है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, सात्विक भोजन से मन, विचार और भावनाओं की पवित्रता बढ़ती है और इसका स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक असर पड़ता है।

संस्था देशभर में चला रही नशामुक्ति अभियान

माउण्ट आबू से आए ब्रह्माकुमारी संस्था के मेडिकल विंग के सचिव डॉ. बनारसी ने बताया कि भारत सरकार के नारकोटिक्स कंट्रोल विभाग के साथ एमओयू के तहत ब्रह्माकुमारी संस्था देशभर में नशामुक्ति अभियान चला रही है, और अब छत्तीसगढ़ को नशामुक्त राज्य बनाने की दिशा में कार्य करेगी। ब्रह्माकुमारी के अतिरिक्त महासचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय ने सभी को माउण्ट आबू आने का निमंत्रण दिया, जहां वे राजयोग के माध्यम से कुशल प्रशासन की तकनीक सीख सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष के साथ नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महन्त, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरम लाल कौशिक व गौरीशंकर अग्रवाल, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, वन मंत्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी रजवाड़े, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंहदेव सहित बड़ी संख्या में विधायकगण उपस्थित थे।

गुरुकुल महिला कॉलेज का रंग मंदिर में आयोजन, प्रतिभाओं का किया गया सम्मान

कॉर्नर न्यूज

बारामासी छत्तीसगढ़ी, राजस्थानी-पंजाबी नृत्य से सजा वार्षिकोत्सव, शिव तांडव से मचाई धूम

रायपुर। गांधी मैदान स्थित रंग मंदिर में सोमवार को उत्साह का माहौल रहा। जहां सेजल एवं साथी ने राजस्थानी नृत्य पेश किया। इसका दर्शक दीर्घा में बैठे अभिभावकों व छात्राओं ने भी लुत्फ उठाया। यह माहौल बना गुरुकुल महिला कॉलेज के वार्षिकोत्सव में, जहां कॉलेज की पत्रिका अरुणिता का विमोचन किया गया। कॉलेज प्रबंधन द्वारा चेतना साहू, वाणिज्य विभाग, नेहा गायकवाड़, विज्ञान विभाग व खुशी जैन कंप्यूटर विभाग की छात्राओं को मेरिट स्कॉलरशिप भी प्रदान किया गया। इसके बाद एक बार फिर सांस्कृतिक श्रृंखला का छत्तीसगढ़ी स्वागत गीत से आगाज किया गया। रेशा एवं ग्रुप ने जब स्वतंत्रता पर आधारित मणिकर्णिका पर अपनी प्रस्तुति दी तो लोग उत्साह से झूम उठे। दिव्यांशी ने 'जब छाए मेरा जादू' गीत पर डांस पेश किया।

छात्राओं ने पेश किया गीत व डांस

गीत-संगीत से सजे मंच पर अर्चना ने जब शिव तांडव पेश किया, तो लोग शिव की भक्ति में लीन भी हुए। उजमा ने गोविंदा रीमिक्स पर डांस पेश किया। करुणा विश्वास ने 'तूने ओ रंगीले' एकल गीत पेश किया। सौम्या एवं साथियों ने छत्तीसगढ़ी नृत्य बारामासी पर अपनी प्रस्तुति दी। सुप्रिया एवं साथियों ने पंजाबी नृत्य से दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रस्तुति के दौरान दर्शक दीर्घा में भी उत्साह की लहर देखने को मिली। मंच संचालन करते हुए डॉ. सीमा चंद्राकर ने छात्राओं को बारी-बारी से समूह में प्रस्तुति देने के लिए अवसर दिया।

इन छात्राओं को किया पुरस्कृत

कॉलेज प्रबंधन ने वार्षिकोत्सव के बीच वर्ष 2024 - 25 के लिए बीसीए तृतीय वर्ष की छात्रा निशा साहू को सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार दिया गया। सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवक प्रगति शर्मा, बीकॉम अंतिम और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी जितेश्वरी साहू बीकॉम द्वितीय वर्ष रही। एनएसएस में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए जस्मी साहू, पीजीडीसीए, वर्षा मिश्रा बीएससी अंतिम, सौम्य मिश्रा बीकॉम अंतिम तथा दिव्या सोनी बीकॉम द्वितीय वर्ष को कॉलेज की ओर से स्मृति चिन्ह देखकर पुरस्कृत किया। अतिथियों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की।

ये भी जानें

सेहत के लिए वरदान है शिवलिंग पर चढ़ाया जाने वाला बेलपत्र

हिंदू धर्म में बेलपत्र का उपयोग पूजा-पाठ या मांगलिक कार्यों को करने के लिए किया जाता है। माना जाता है कि महाशिवरात्रि और सावन माह में शिवलिंग पर बेलपत्र चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं, भोलेबाबा को चढ़ाया जाने वाला बेलपत्र सिर्फ धार्मिक महत्व ही नहीं रखता, बल्कि इसका सेहत से भी गहरा कनेक्शन जुड़ा हुआ है। बेलपत्र में विटामिन ए, सी, बी1 और बी6 के अलावा कैल्शियम और फाइबर जैसे पोषक तत्व भी अच्छी मात्रा में पाए जाते हैं। जो डायबिटीज से लेकर पाइल्स और दिल की सेहत तक का खास ख्याल रखते हैं। सेहत के लिए बेलपत्र के फायदे

बेहतर पाचन : बेलपत्र में फाइबर की अच्छी मात्रा मौजूद होती है, जो पाचन को बेहतर बनाए रखकर पाचन संबंधी समस्याओं जैसे गैस, एसिडिटी और अपच जैसी पाचन से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मदद कर सकती है।

आयरन की कमी : जिन लोगों के शरीर में खून की कमी या एनीमिया की शकायत रहती है, उनके लिए बेल के पत्तों के रस का सेवन बेहद फायदेमंद हो सकता है। बेल के पत्तों का रस पीने से खून की कमी को दूर करने में मदद मिल सकती है। इसके लिए एक चम्मच बेल के पत्तों का रस एक गिलास पानी में डालकर पिएं।

दिल की सेहत : एक्सपर्ट के अनुसार बेलपत्र का सेवन हार्ट हेल्थ को भी अच्छा बनाए रखने में मदद करता है। एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर बेलपत्र हार्ट डिजीज के खतरे को कम करके दिल को स्वस्थ और मजबूत बनाए रखने में मदद करता है। बेलपत्र के पत्ते चबाने से हार्ट अटैक और हाई ब्लड प्रेशर का खतरा कम होता है।

बवासीर : बवासीर से पीड़ित लोगों को खाली पेट बेल पत्र के पत्ते चबाने से फायदा मिल सकता है। बेल पत्र पाचन तंत्र को मजबूत बनाकर कब्ज जैसी पेट से जुड़ी समस्याओं को कम करने में मदद करता है। इसके अलावा बेल पत्र में मौजूद फाइबर और एंटी-इंफ़्लेमेटरी गुण पाचन तंत्र को मजबूत बनाकर सूजन की समस्या को भी कम करने में मदद करते हैं। जिससे बवासीर रोगियों को फायदा मिलता है।

बेहतर इम्यूनिटी : बेलपत्र का सेवन करने से रोग प्रतिरोधक क्षमता में सुधार होता है। सुबह खाली पेट बेलपत्र के पत्ते चबाने से इम्यून सिस्टम बेहतर होने के साथ कई तरह के इंफेक्शन से भी बचाव हो सकता है। लेकिन इन पत्तों का सेवन करने से पहले आयुर्वेदिक एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए।

प्रेग्नेंट महिलाओं को नहीं करना चाहिए महाशिवरात्रि का व्रत, बच्चे को हो सकती है परेशानी

महाशिवरात्रि इस साल 26 फरवरी को है। माना जाता है कि इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था और इस दिन जो भी महादेव की उपासना करता है, उसे दोगुना फल प्राप्त होता है। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखते हैं, मंदिर जाकर भगवान शिव को फल-फूल अर्पित करते हैं और शिवलिंग पर दूध व जल अर्पित करते हैं। महाशिवरात्रि के दिन देशभर के सभी शिव मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहता है। इस दिन महिलाएं और कुंवारी कन्याएं उपवास रखती हैं।

महाशिवरात्रि 2025 का व्रत श्रद्धा और आस्था से रखा जाता है, लेकिन गर्भवती महिलाओं के लिए यह उपवास उनके शारीरिक और स्वास्थ्य संबंधी स्थिति के आधार पर सही नहीं हो सकता। आइए जानें कि किन गर्भवती महिलाओं को इस व्रत से बचना चाहिए और क्या सावधानियां रखनी चाहिए।

पहली और अंतिम तिमाही में महिलाएं

पहली तिमाही: इस दौरान बच्चे का विकास हो रहा होता है, और उपवास करने से कमजोरी, चक्कर आना और ब्लड शुगर का लेवल कम होने का खतरा रहता है।

अंतिम तिमाही: शरीर को अधिक एनर्जी की जरूरत होती है, और लंबे समय तक भूखे रहने से थकान, एसिडिटी और डिहाइड्रेशन हो सकता है।

कमजोरी या एनीमिया से ग्रस्त महिलाएं

यदि गर्भावस्था के दौरान हीमोग्लोबिन का लेवल कम हो, तो उपवास करने से शरीर को आवश्यक पोषण नहीं मिलेगा, जिससे चक्कर, कमजोरी और सिरदर्द जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

ब्लड प्रेशर या डायबिटीज की समस्या वाली महिलाएं

हाई या लो ब्लड प्रेशर से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के लिए उपवास करना खतरनाक हो सकता है।

गर्भावधि मधुमेह से ग्रस्त महिलाओं को समय-समय पर भोजन की आवश्यकता होती है। उपवास के कारण कार्बोहाइड्रेट का स्तर असंतुलित हो सकता है, जिससे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

बीमारियों से बचे रहने के लिए आहार में सुधार करना सबसे आवश्यक

फाइबर वाली चीजें सिर्फ डायबिटीज ही नहीं, कैंसर से भी कर सकती हैं बचाव

डब्ल्यूएचओ के विशेषज्ञों के अनुसार, पुरुषों को प्रतिदिन 30-40 ग्राम और महिलाओं को प्रतिदिन 25-30 ग्राम फाइबर जरूर लेना चाहिए। पाचन तंत्र, हृदय, डायबिटीज नियंत्रण और कैंसर से बचाव में भी फाइबर वाली चीजें लाभप्रद हो सकती हैं। शरीर को स्वस्थ रखने और कई प्रकार की गंभीर बीमारियों से बचे रहने के लिए आहार में सुधार करना सबसे आवश्यक माना जाता है। आहार विशेषज्ञ कहते हैं, अगर हम सभी सिर्फ अपने खान-पान को ही ठीक कर लें तो इससे कई प्रकार की बीमारियों के खतरे को कम किया जा सकता है।

शुगर-कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल रखने में मददगार

शोधकर्ताओं ने बताया कि घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करता है और इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाता है। अध्ययनों के अनुसार, उच्च फाइबर वाले आहार लेने से टाइप-2 डायबिटीज का खतरा कम होता है। फाइबर आपके पाचन को धीमा करके शुगर को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। डायबिटीज रोगियों में हृदय रोगों का खतरा अधिक होता है, फाइबर वाली चीजें इसमें भी आपके लिए लाभकारी हैं। घुलनशील फाइबर बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करता है और गुड कोलेस्ट्रॉल को बढाता है, जिससे हृदय रोगों का खतरा 30% तक कम हो सकता है।

क्या कहता है डब्ल्यूएचओ?

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के विशेषज्ञों के अनुसार, पुरुषों को प्रतिदिन 30-40 ग्राम और महिलाओं को प्रतिदिन 25-30 ग्राम फाइबर जरूर लेनी चाहिए। पाचन तंत्र, हृदय, डायबिटीज नियंत्रण और कैंसर से बचाव में भी फाइबर वाली चीजें लाभप्रद हो सकती हैं। संतुलित मात्रा में और प्राकृतिक आहार के माध्यम से फाइबर की पूर्ति करना समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

फाइबर के इन फायदों को भी जानिए

वेट लॉस में सहायक

फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे अधिक खाने की इच्छा नहीं होती है। फाइबर धीरे-धीरे पचता है, जिससे लंबे समय तक भूख नहीं लगती, जिसके परिणामस्वरूप आप आसानी से वेट लॉस कर सकते हैं।

कैंसर से बचाव में सहायक

शोध बताते हैं कि आहार में हाई फाइबर वाली चीजें होने से कोलन (आंत) कैंसर का खतरा कम होता है। फाइबर युक्त खाद्य पदार्थ एंटीऑक्सीडेंट्स और फाइटोन्यूट्रिएंट्स से भरपूर होते हैं, जो कैंसर कोशिकाओं की वृद्धि को रोकते हैं।

त्वचा रहती है हेल्दी

फाइबर आपकी आंतों को स्वस्थ बनाए रखने में मदद करता है, जो कोलेजन उत्पादन और स्किन सेल्स की मरम्मत करने वाले पोषक तत्वों को अवशोषित करने में सहायक है। फाइबर वाली चीजों के सेवन से त्वचा स्वस्थ बनी रहती है।

चाय में कूटकर या काटकर, किस प्रक्रिया से अदरक डालना है सही? जान लें इसके बड़े फायदें

सर्दी हो या गर्मी चाय पीना हर भारतीय का फेवरेट ड्रिंक है। कोई खुशखबरी है या फिर तबीयत नासाज है तो भी लोग एक कप चाय की डिमांड जरूर करते हैं। चाय के दीवाने एक प्याली चाय के लिए मीलों का सफर भी तय कर लेते हैं। सर्दी के मौसम में शरीर को गर्म करने के लिए लोग खूब चाय का सेवन करते हैं। चाय का स्वाद बढ़ाने में अदरक मुख्य भूमिका निभाता है। अगर सही ढंग से चाय में अदरक न डाला जाए तो इससे चाय का स्वाद भी खराब हो सकता है।

अगर आप चाय के शौकीन हैं, तो आपने जरूर गौर किया होगा कि अदरक डालने का तरीका उसकी खुशबू और स्वाद को कितना बदल सकता है। लेकिन सवाल यह है कि अदरक को चाय में कूटकर डालना सही है या काटकर? कहीं आप भी इसे गलत तरीके से तो नहीं बना रहे?

अदरक डालने के दो तरीके और उनका असर

1. **कूटकर डालना** – स्ट्रांग और झन्नाटेदार चाय के लिए

कैसे करें : अदरक को हल्का कूटकर उबलते पानी में डालें और 2-3 मिनट तक उबालें, फिर चाय पत्ती और दूध मिलाएं।

क्या फायदा : अदरक का रस और तीखा स्वाद तेजी से निकलता है। चाय ज्यादा मसालेदार और गर्माहट देने वाली बनती है।

कब सही है : जब आपको स्ट्रॉन्ग अदरक वाली चाय चाहिए।

सर्दी-खांसी में आराम पाने के लिए

2. **काटकर डालना** – हल्के और संतुलित स्वाद के लिए

कैसे करें : अदरक को पतले स्लाइस में काटकर पानी में डालें और धीरे-धीरे उबालें, फिर चायपत्ती और दूध मिलाएं।

क्या फायदा : स्वाद हल्का, लेकिन संतुलित रहता है। चाय ज्यादा तीखी या कड़वी नहीं लगती।

कब सही है : जब आपको सिर्फ हल्का फ्लेवर चाहिए। अगर रोजाना अदरक वाली चाय पीते हैं और बहुत स्ट्रॉन्ग टेस्ट नहीं चाहते।

गलतियां जो आपको नहीं करनी चाहिए

कच्ची अदरक सीधे दूध में डालना – इससे दूध फट सकता है।

बहुत ज्यादा अदरक डालना – चाय का स्वाद ज्यादा तीखा और कड़वा हो सकता है।

सही तरीका क्या है : अगर आपको स्ट्रॉन्ग और मसालेदार चाय चाहिए, तो अदरक को कूटकर डालें। अगर आपको हल्का फ्लेवर चाहिए, तो अदरक को काटकर डालें। पहले पानी में उबालें, फिर दूध डालें, ताकि चाय का स्वाद बैलेंस बना रहे। अदरक वाली चाय न सिर्फ स्वाद में बेहतरीन होती है, बल्कि सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद मानी जाती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स और औषधीय गुण इसे एक बेहतरीन हेल्दी ड्रिंक बनाते हैं।

लिवर पर ठंडक पहुंचाकर हेल्दी रखते हैं ये 5 ड्रिंक्स, अंदर से बढ़ती है यकृत की ताकत

हमारा लिवर बिना थके दिन-रात अपने आप काम पर लगे रहता है। आपको जानकर हैरानी होगी कि आपका लिवर 500 से ज्यादा तरह का काम करता है। लेकिन, हमारा आधुनिक लाइफस्टाइल हमारे लिवर को कमजोर करने लगा है। अनहेल्दी स्नेक्स, देर रात पार्टी, शराब का ज्यादा सेवन, पैकेटबंद चीजों को ज्यादा खाना, प्रोसेस्ड फूड, जंक फूड, फास्ट फूड के अत्यधिक सेवन से हमारा लिवर खराब होता है। इससे लिवर पर बहुत अधिक प्रेशर पड़ता है। ऐसे में लिवर को ठंडा, हेल्दी और मजबूत बनाने के लिए कुछ खास तरह के ड्रिंक्स फायदेमंद साबित हो सकते हैं।

लिवर के लिए हेल्दी ड्रिंक्स

1. **गुनगुना लेमन**-वाटर-यह बात तो आपने सुनी ही होगी कि खाली पेट अगर गुनगुने पानी में नींबू का रस मिलाकर पिएं तो इसका शरीर पर अमृत की तरह फायदा होता है। वास्तव में नींबू और गुनगुना पानी लिवर को डिटॉक्स करता है। यह लिवर में मौजूद टॉक्सिन को फ्लश आउट कर देता है।
2. **आंवला जूस**-आंवला लिवर के लिए सुपरफूड है। इसमें विटामिन सी लोड रहता है जो लिवर के फंक्शन को बूस्ट करता है और हानिकारक टॉक्सिन को बाहर करता है। अगर आप सप्ताह में दो तीन भी आंवला का जूस पिएंगे तो इससे आपका लिवर मजबूत होगा और डाइजेशन बेहतर होगा।
3. **हल्दी की चाय**-हल्दी की चाय लिवर के लिए किसी चमत्कार से कम नहीं है। इसमें एंटी-इंफ्लामेटरी गुण होता है जो लिवर में किसी भी तरह के इंफ्लामेशन को रोकता है। इससे लिवर के सेल्स का रिपेयर होता है। इसके लिए गर्म पानी में कच्ची हल्दी का पाउडर मिला दें और इसका सेवन करें।
4. **चुकंदर का जूस**-चुकंदर का जूस सिर्फ शरीर में खून ही नहीं बढ़ाता, बल्कि यह लिवर को भी ठंडक पहुंचाता है। चुकंदर में एंटीऑक्सीडेंट्स के साथ-साथ नाइट्रेट्स भी होता है। इससे ब्लड फ्लो अच्छा होता है और यह लिवर को डिटॉक्सिफाई करता है। सप्ताह में एक दिन भी आपको चुकंदर का जूस जरूर सेवन करना चाहिए।
5. **गाजर का जूस**-गाजर में बीटा कैरोटीन और फ्लेवेनोएड एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो लिवर से ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस को कम करता है और लिवर की कोशिकाओं से टॉक्सिन को निकालने में मदद करते हैं। सुबह में गाजर का जूस पीने से लिवर के एंजाइम सही से निकलते हैं जो पाचन में मदद करते हैं।

क्या आप भी टॉयलेट में चलाते हैं मोबाइल फोन? सावधान- ये आदत पाइल्स का बढ़ा सकती है खतरा

मोबाइल फोन्स हमारे दिनचर्या का एक अहम हिस्सा बन गए हैं। सुबह से लेकर शाम तक हम सभी किसी न किसी काम से मोबाइल से चिपके रहते हैं। कई अध्ययन चिंता जताते रहे हैं कि मोबाइल फोन्स से लगे रहने की आदत स्क्रीन टाइम को बढ़ा रहे हैं, जिसके कारण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर गंभीर असर हो रहा है। इसके अलावा मोबाइल फोन्स की बढ़ती लत से संबंधित एक दुष्प्रभाव को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों सभी लोगों को अलर्ट किया है।

क्या आप भी टॉयलेट में अपना फोन लेकर जाते हैं? अगर हां, तो सावधान हो जाइए। ये आदत आपको गंभीर रूप से बीमार करने वाली हो सकती है। टॉयलेट में फोन चलाने के कारण संक्रामक बीमारियों के बढ़ने के जोखिमों के अलावा ये स्थिति आपमें पाइल्स और एनल फिस्टुला जैसी बीमारियों का भी कारण बन सकती है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है कि जिन लोगों की ऐसी आदत है वो तुरंत सुधार कर लें। आइए इसके कारण होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानते हैं।

टॉयलेट में लंबे समय तक मोबाइल चलाने के नुकसान

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में डॉक्टर्स ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में पाइल्स और फिस्टुला के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। निष्क्रिय जीवनशैली और खराब आहार तो इसका कारण है ही साथ ही टॉयलेट में लंबे समय तक मोबाइल के इस्तेमाल को भी इसके लिए जिम्मेदार माना जा रहा है।

पाइल्स और फिस्टुला की समस्या : पाइल्स और फिस्टुला दोनों ही मलाशय क्षेत्र में होने वाली समस्या मानी जाती है। पाइल्स जिसे बवासीर भी कहा जाता है, ये गुदा नलिका (एनल कैनल) की रक्त वाहिकाओं में सूजन के कारण होता है। जबकि फिस्टुला एनल कैनल में संक्रमण के कारण होने वाली समस्या है। फिस्टुला मुख्यरूप से आंतरिक हिस्से में होता है जबकि पाइल्स बाहरी या आंतरिक दोनों में हो सकता है। सर्जन डॉ रमेश धीर बताते हैं, शौचालय में बैठकर लंबे समय तक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से बवासीर होने का खतरा बढ़ सकता है। कमोड सीट पर लंबे समय तक बैठना मलाशय क्षेत्र में नसों पर दबाव बढ़ता है, जिसके कारण इसमें समय के साथ सूजन की दिक्कत बढ़ जाती है जिसे पाइल्स का कारण माना जाता रहा है।

संक्रमण और अन्य बीमारियों का खतरा

मोबाइल फोन्स पर रील्स देखते रहने की आदत के चलते पहले की तुलना में अब औसतन 10 मिनट लोग सीट पर बिता रहे हैं। टॉयलेट सीट्स पर रोगजनक भी अधिक होते हैं, ऐसे में शरीर के संवेदनशील जननांग हिस्सों में संक्रमण का खतरा भी अधिक हो सकता है। इसके अलावा गतिहीन जीवनशैली और खराब खान-पान की आदत आपके जोखिमों को दोगुना कर देती है। कम पानी पीने, जंक फूड का अधिक सेवन और टॉयलेट में लंबे समय तक बैठने जैसी आदत मिलकर इस तरह की बीमारियों के खतरे को कई गुना तक बढ़ाने वाले हो सकते हैं।

कहीं आपको भी तो नहीं हो गई है ये बीमारी?

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, पाइल्स और फिस्टुला दोनों ही बीमारियां काफी आम हो गई हैं। इसलिए समय रहते इसके लक्षणों की पहचान और इसका इलाज प्राप्त करना बहुत जरूरी हो जाता है। पाइल्स के शुरुआती चरणों में कोई स्पष्ट लक्षण नजर नहीं आते हैं क्योंकि यह दर्द रहित होती है, हालांकि बीमारी बढ़ने के कारण मलाशय में सूजन, खून आने और दर्द की समस्या काफी बढ़ जाती है। वहीं फिस्टुला के कारण भी आपको इसी तरह की दिक्कतें होती हैं। पर चूंकि फिस्टुला एक संक्रामक स्थिति है इसलिए आपको गुदा क्षेत्र से मवाद आने की भी समस्या हो सकती है।

महाशिवरात्रि के दिन जरूर करें ये 5 काम, भोलेनाथ की कृपा संग बनी रहेगी सेहत और खुशहाली

ठंडे पानी से करें स्नान

महाशिवरात्रि के पावन दिन की शुरुआत आप ठंडे पानी में स्नान करने के साथ कर सकते हैं। सुबह ठंडे पानी में स्नान करना एक बहुत अच्छी आदत है, जिसे आपको अपने डेली रूटीन का हिस्सा जरूर बनाना चाहिए। दरअसल कई अध्ययन इस बात की पुष्टि करते हैं कि ठंडे पानी से नहाने पर ध्यान शक्ति बढ़ती है। इसके साथ ही बॉडी में ओवरऑल ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है, जो शरीर में ऊर्जा को बढ़ावा देता है। ये आपकी आध्यात्मिक ग्रोथ के साथ-साथ बॉडी और माइंड के लिए भी एक अच्छी आदत है।

रखें उपवास

महाशिवरात्रि के दिन बहुत से भक्त उपवास रखते हैं। यह सिर्फ धार्मिक नजरिए से ही महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि आपकी सेहत के लिए भी बहुत फायदेमंद है। साइंस में भी फास्टिंग के कई हेल्थ बेनिफिट्स बताए गए हैं।

मेडिटेशन से करें दिन की शुरुआत

सुबह की शुरुआत आप कुछ देर मेडिटेशन के साथ कर सकते हैं। मेंटल और फिजिकल हेल्थ को बेहतर रखने का यह एक बेहतरीन तरीका है। कई धार्मिक परंपराओं और मान्यताओं में प्राचीन समय से ही इसका अभ्यास किया जाता रहा है। आज मॉडर्न साइंस में भी मेडिटेशन के हेल्थ बेनिफिट्स को माना जा रहा है।

मंत्रजाप करना : महाशिवरात्रि के दिन को आप 'ओम' का जाप कर के और भी खास बना सकते हैं। 'ओम' को 'ब्रह्मांड की ध्वनि' कहा जाता है और यह भगवान शिव से भी जुड़ा हुआ होता है। धार्मिक रूप से तो ओम का जाप हमेशा से महत्वपूर्ण रहा ही है, साथ में इसके कई हेल्थ बेनिफिट्स भी सामने आए हैं।

जरूरतमंदों को करें दान : किसी भी धार्मिक उत्सव या पूजा-पाठ में दान का बहुत ही विशेष महत्व होता है। कहते हैं भगवान को खुश करने का सबसे आसान और असरदार तरीका यही है कि किसी जरूरतमंद की मदद की जाए।

फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

ये है अब तक की सबसे खतरनाक वेब सीरीज, ओटीटी पर कर रही ट्रेंड

आजकल लोग ओटीटी पर फिल्म्स से ज्यादा वेब सीरीज देखना पसंद करते हैं। ओटीटी एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां आपको ढेर सारी फिल्में और सीरीज मिल जाती हैं। यहां पर हर तरह का कंटेंट मिलता है, जैसे कॉमेडी, हॉरर, एक्शन और थ्रिलर. हर हफ्ते नई-नई फिल्में और वेब सीरीज ओटीटी पर रिलीज होती रहती हैं। अगर आपको भी थ्रिलर और खून खराबे से भरी फिल्में या सीरीज देखना पसंद है और ऐसी फिल्म या सीरीज बिना आंख बंद किए देख लेते हैं, तो आज हम आपको एक ऐसी ही वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं, जो आपके होश उड़ा देगी. ये एक ऐसी खतरनाक सर्वाइवल थ्रिलर वेब सीरीज हैं, जिसमें भर भर के खून खराबा होता है, जिसको देखने के बाद आपके भी होश उड़ जाएंगे। इतना ही नहीं, इतने लोगों की मौत देखने के बाद आपका दिमाग भी काम करना बंद कर देगा। आज हम आपको यहां जिस वेब सीरीज के बारे में बताने जा रहे हैं वो 3 साल पहले यानी 2021 में ओटीटी पर स्ट्रीम हुई थी और देखते ही देखते ट्रेंड करने लगी थी। इन दिनों भी ये सीरीज भारी ट्रेंडिंग में बनी हुई है। इस1 काफी पसंद किया गया था।इस सीरीज में कई सीन ऐसे हैं, जिनको देखने के बाद आपका दिल दहल जाएगा और आप ये सोचने पर मजबूर हो जाएंगे कि अगर ऐसा आपके साथ होता तो क्या होता. हम यहां 2021 में स्ट्रीम हुई कोरियन वेब सीरीज 'सक्विड गेम' की बात कर रहे हैं। 'सक्विड गेम' एक दक्षिण कोरियाई टीवी सीरीज है, जिसे ह्वांग डोंग-ह्युक ने लिखा और डायरेक्ट किया है।

टॉलीवुड

अजित कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची' ओटीटी पर तहलका मचाने को तैयार

अभिनेता अजीत कुमार की फिल्म 'विदामुयार्ची'की ओटीटी रिलीज तारीख की घोषणा हो चुकी है। इस फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर 3 मार्च से देख सकेंगे, जो तमिल, कन्नड़, मलायालम और हिंदी भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म के पोस्टर को शेयर करते हुए नेटफ्लिक्स ने कैप्शन में लिखा, कोई ब्रेक नहीं। कोई सीमा नहीं। बस विदामुयार्ची। कहानी की बात करें तो यह फिल्म शादीशुदा कपल अर्जुन और कायल के आस-पास घूमती है। दोनों की शादी टूटने की कगार पर है। दोनों अलग होने से पहले एक आखिरी यात्रा पर जाने का निर्णय लेते हैं, लेकिन उनकी यात्रा एक खतरनाक मोड़ पर उस समय आ जाती है, जब उनकी कार अजरबैजान के एक सुनसान इलाके में खराब हो जाती है। इस दौरान कायल रहस्यमय तरीके से गायब हो जाती है और अर्जुन उन्हें खोजने के लिए निकल पड़ता है। इस यात्रा के दौरान वह कई चौंकाने वाली घटनाओं का सामना करता है। यह फिल्म जॉनाथन मोस्टोव की 'ब्रेकडाउन' से प्रेरित बताई जा रही है। फिल्म के कलाकारों के बारे में बात करें तो, इसमें अजित कुमार के साथ-साथ अर्जुन सरजा, रेजिना कासांद्र, और आरव जैसी प्रमुख हस्तियां भी शामिल हैं। ओम प्रकाश ने फिल्म का छायांकन किया है। वहीं, एन बी श्रीकांत ने फिल्म का संपादन और अनिरुद्ध रविचंदर ने इसमें अपना संगीत दिया है।

भोजपुरी

यूपी-बिहार के रंगों की खुशबू के साथ आ रही हैं अक्षरा सिंह



भोजपुरी अदाकारा अक्षरा सिंह होली के हिंदी गानों के साथ जल्द ही दस्तक देने वाली हैं। अक्षरा के इन गानों को होली स्पेशल एल्बम में बनाया गया है। छठ हो, होली हो या दिवाली अक्षरा के गानों के बिना हर त्योहार अधूरा सा लगता है। अब साल 2025 की होली पर अक्षरा का स्पेशल गाना आ रहा है। अक्षरा का होली वाला ये एल्बम 27 फरवरी को रिलीज होने वाली है। खुद अभिनेत्री ने बताया कि गाने हिंदी में ही हैं, लेकिन उनकी खुशबू और रंग यूपी बिहार वाले हैं। गाने को अक्षरा ने अपनी सुरीली आवाज से सजाया है साथ ही गाने पर उन्होंने परफॉर्म भी किया है। इसमें होली के रंग नजर आ रहे हैं। शरारत भी है और त्योहार की उमंग भी।अक्षरा ने इस गाने को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। उन्होंने बताया कि ये गीत जरूर सुनिए और सुनाइए। होली साथ मनाते हैं। 27 फरवरी को आ रहा है गाना। पूरी टीम जिसने भी ये गाना बनाया है सभी को धन्यवाद।

आदर-अलेखा की शादी में सेलेब्स के शानदार लुक्स

लाइफ स्टाइल

आदर जैन अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड अलेखा आडवाणी के साथ शादी के बंधन में बंध चुके हैं। उनकी शादी में कई सेलेब्स शामिल हुए, देखिए इनके शानदार लुक्स। आलिया भट्ट ने सीक्वेंस की पिंक साड़ी को कैरी किया जिसके साथ मैचिंग कट स्लीव्स ब्लाउज पहना था। करीना कपूर का एकदम अलग अंदाज देखने को मिला। इस लुक में उन्होंने लाल रंग की खूबसूरत साड़ी को कैरी किया है, जिसके साथ उन्होंने हरे रंग का नेकलेस, माथे पर बिंदी और मांग में सिंदूर लगाया है। सुहाना खान सफेद रंग के एक हैवी लहंगे को पहनकर पहुंची थीं। इस लहंगे के साथ उनका सिंपल सोबर लुक अच्छा लग रहा है। अनन्या पांडे ने लाल रंग की खूबसूरत साड़ी पहन कर हर किसी का दिल जीत लिया।

दादी-नानी के इन नुस्खों से कहीं बिगड़ न जाए त्वचा की रंगत, इस्तेमाल से पहले बरतें सावधानी

जब भी त्वचा संबंधी कोई परेशानी घेरती है, तो हम सभी के मन में सबसे पहला ख्याल आता है दादी-नानी के बताए नुस्खों को इस्तेमाल करना। ऐसा इसलिए, क्योंकि बाजार में मिलने वाले स्किन केयर प्रोडक्ट भले ही स्किन टाइप के हिसाब से मिलते हैं, लेकिन कई बार उसमें केमिकल पाए जाने का खतरा होता है।

ऐसे में लोगों को लगता है कि घरेलू नुस्खे भले ही फायदा न करें, लेकिन ये नुकसान भी नहीं करेंगे। जबकि ऐसा नहीं है। दादी-नानी के द्वारा बताए गए नुस्खों को यदि गलत तरह से इस्तेमाल किया जाए तो चेहरे की रंगत बिगड़ सकती है। आज हम इसी बारे में आपको बताने जा रहे हैं।

नींबू का इस्तेमाल

नींबू में ब्लीचिंग तत्व होते हैं, इसलिए ये चेहरा दमकाने में काफी मदद करते हैं। यदि आप बिना पैच टेस्ट के इसका इस्तेमाल करेंगे तो इससे त्वचा पर परेशानी हो सकती है। बता दें कि नींबू में सिट्रिक एसिड होता है, जो त्वचा क परत को हल्का कर सकता है। ऐसे में इसके ज्यादा इस्तेमाल से जलन, रैशेज या पिगमेंटेशन बढ़ सकता है।

बेसन और हल्दी

अक्सर आपने लोगों को ये मिश्रण इस्तेमाल करते हुए देखा होगा। होली के समय रंग निकालने के लिए भी इसका इस्तेमाल किया जाता है।ये कॉम्बिनेशन स्किन ब्राइटनिंग के लिए अच्छा है, लेकिन ड्राई स्किन वालों को ये रूखापन दे सकता है। ऐसे में अपनी त्वचा के हिसाब से ही इसका इस्तेमाल करें।

मुल्तानी मिट्टी

चेहरे के अतिरिक्त ऑयल को निकालने के लिए मुल्तानी मिट्टी का इस्तेमाल काफी अच्छा माना जाता है। पर, यदि आप इसका इस्तेमाल बार-बार करेंगे तो इससे त्वचा ड्राई होने लगेगी। ऐसे में हमेशा सोच-समझ के ही इसका इस्तेमाल करें।

एलोवेरा जेल

हर घर में पाए जाने वाला एलोवेरा जेल हर किसी की त्वचा के लिए लाभदायक होता है। यदि आपकी त्वचा अत्याधिक सेंसिटिव है तो आपको पैच टेस्ट की जरूरत है। कुछ लोगों को इससे एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली या रेडनेस हो सकती है।

कच्चा दूध

त्वचा की रंगत सुधानरे के लिए कच्चे दूध का इस्तेमाल किया जाता है। वैसे तो ये त्वचा को साफ और मुलायम बनाता है, लेकिन संवेदनशील त्वचा वालों को यह सूट नहीं करता। ऐसे में इसकी वजह से चेहरे पर मुंहासे हो सकते हैं। इसलिए इसका इस्तेमाल भी सोच-समझ के ही करें।

नई नवेली दुल्हन की है पहली होली तो इस तरह से हों तैयार

फैशन

इस साल 13 मार्च को होलिका दहन होगा, और उसके बाद 14 मार्च को देशभर में होली का त्योहार मनाया जाएगा। होली का त्योहार हर किसी के लिए बेहद खास होता है, क्योंकि ये दिन भाईचारा और एकता की मिसाल पेश करता है। इस दिन हर कोई एक ही रंग में रंग जाता है। होली का त्योहार लोग अपने-अपने अंदाज में मनाते हैं, ये सबसे खास उन लड़कियों के लिए होता है, जिनकी नई-नई शादी हुई है।

दरअसल, अभी शादी का सीजन चल रहा है, ऐसे में बहुत सी लड़कियां आने वाला होली का त्योहार अपने ससुराल वालों के साथ मनाएंगी। इसी के चलते आज हम आपको यहां बताएंगे कि किस तरह से होली के दिन आप अपने ससुराल में अपना खूबसूरत अंदाज दिखा सकती हैं। कुछ टिप्स फॉलो करके यदि आप होली के लिए तैयार होंगी, तो ससुराल वाले आपको देखते रह जाएंगे।

लुक के साथ कंफर्ट का रखें ध्यान : होली के लुक को खास बनाने के लिए आप हल्के और ब्राइट रंग के कपड़े पहनें। इसके लिए गुलाबी, पीला, हरा या नारंगी रंग का चयन आप कर सकते हैं। होली के दिन साड़ी की जगह कॉटन या जॉर्जेट के सलवार-सूट, फ्लोई अनारकली या लॉन्ग स्कर्ट पहन सकती हैं। अगर पानी वाले रंगों से होली खेलनी है तो डार्क रंगों का चयन करें। ये कपड़े न तो ज्यादा टाइट होने चाहिए और न ही ज्यादा ढीले। अपने कंफर्ट के हिसाब से ही इसका चयन करें।

मेकअप होना चाहिए वॉटरप्रूफ : होली के दिन आप BB क्रीम या वॉटरप्रूफ फाउंडेशन का इस्तेमाल करें, ताकि रंगों के साथ भी ग्लो बना रहे। यदि हैवी मेकअप करेंगी तो होली खेलते वक्त आपको परेशानी हो सकती है। बेस के अलावा मैट लिपस्टिक और काजल लगाएं जो लंबे समय तक टिका रहे।

बालों को स्टाइलिश बनाएं : होली के दिन बालों को स्टाइलिश बनाने के साथ उनका खास ध्यान भी रखें। इसके लिए आप बालों में ढीली-ढीली चोटी गूंथ सकती हैं। बालों को इस दिन खुला तो बिल्कुल भी न रखें। खुले बालों में रंग जम जाएगा, जो बालों को डैमेज कर सकता है। चाहें तो बालों में गजरा या फ्लोरल एक्सेसरीज लगाकर अपना लुक और खास बना सकती हैं।

हल्की एक्सेसरीज चुनें : अपने होली लुक को क्लासी और शानदार बनाने के लिए कानों में झुमके, हाथों में चूड़ियां और हल्का नेकपीस पहनें ताकि आपका लुक आकर्षक लगे। ज्यादा भारी ज्वेलरी से बचें, जिससे होली खेलते समय दिक्कत न हो।

क्लीन शेव करने के बाद आ रही है शर्म तो अपनाएं ये नुस्खे, जल्दी उग जाएगी दाढ़ी

जो लोग हमेशा क्लीन शेव रखते हैं, वो अगर दाढ़ी हर हफ्ते हटवाते रहें तो कोई फर्क नहीं पड़ता, लेकिन यदि कोई दाढ़ी रखने वाला व्यक्ति अचानक क्लीन शेव करा ले तो वो चर्चा का विषय बन जाता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि क्लीन शेव चेहरा हर किसी को सूट नहीं करता।

यदि आप उन लोगों में से हैं, जिनपर क्लीन शेव जचती है तो अच्छा है, लेकिन यदि आपके चेहरे पर क्लीन शेव नहीं जचती और आपने गलती से दाढ़ी हटवा ली है तो घबराए नहीं। हम कुछ ऐसे नुस्खे आपको बताने जा रहे हैं जो जल्दी दाढ़ी उगने में मदद करते हैं। इन नुस्खों के इस्तेमाल से पहले एक बार पैच टेस्ट कर लें, ताकि किसी तरह की एलर्जी की संभावना नहीं रहे।

नारियल तेल और आंवला तेल : यदि आपकी दाढ़ी नहीं आ रही है तो इसमें नारियल और आंवला तेल आपकी मदद करेगा। इस्तेमाल के लिए नारियल तेल और आंवला तेल मिलाकर दाढ़ी के क्षेत्र में हल्की मालिश करें। इससे ब्लड सर्कुलेशन सही होता है, जिस वजह से दाढ़ी तेजी से निकलती है।

फिटकरी और गुलाब जल

फिटकरी का इस्तेमाल स्किन केयर में भी किया जाता है। पर, क्या आप जानते हैं कि इसके इस्तेमाल से जल्दी दाढ़ी भी उगाई जाती है। यदि आप इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं तो फिटकरी को गुलाब जल में मिलाकर हल्की मसाज करें और 10 मिनट बाद धो लें। इससे स्किन साफ भी होती है और दाढ़ी भी जल्दी निकलती है।

दालचीनी और नींबू का रस

ये दोनों चीजें आपको आपके घर की रसोई में आसानी से मिल जाएंगी। इसके इस्तेमाल के लिए 1 चम्मच दालचीनी पाउडर में 2 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। दोनों चीजों को सही से मिक्स करके दाढ़ी वाले हिस्से पर 20 मिनट लगाकर फिर धो लें।

ब्लाउज सिलवाने से पहले देख लें बाजू के ये 8+ फैंसी डिजाइन, सिंपल साड़ी भी लगेगी डिजाइनर

ब्लाउज को और भी ज्यादा अट्रैक्टिव और फैंसी लुक देने के लिए आप स्लीव्स के साथ एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। यहां कुछ डिजाइन दिए गए हैं, जो आपके ब्लाउज को और भी ज्यादा ट्रेंडी बना देंगे।

ब्लाउज को दें और भी फैंसी लुक : साड़ी का असली लुक तो ब्लाउज पीस के साथ ही निखर कर आता है। तभी तो ब्लाउज सिलवाने से पहले महिलाओं के मन में अक्सर इसके डिजाइन को ले कर थोड़ी कन्फ्यूजन बनी रहती है। ऐसे में आपके इसी काम को आसान बनाने के लिए हम कुछ फैंसी ब्लाउज स्टिचिंग आइडियाज ले कर आए हैं। ब्लाउज को फैंसी लुक देने के लिए आप स्लीव्स के साथ थोड़ा एक्सपेरिमेंट कर सकती हैं। स्लीव्स को थोड़े यूनिक पैटर्न में स्टिच करा कर आपका ओवरऑल लुक काफी एन्हांस हो जाएगा।

स्लीव्स पर बनवाएं ये फैंसी पैटर्न : अपने ब्लाउज को और भी ज्यादा स्टाइलिश और फैंसी लुक देने के लिए आप स्लीव्स पर कुछ इस तरह का डिजाइन बनवा सकती हैं। इसमें बहुत ही खूबसूरत कट वर्क किया गया है। इसके साथ ही आप बटन और लेस का इस्तेमाल कर के इस लुक को अपने हिसाब से और भी ज्यादा स्टाइलिश बना सकती हैं। (**Image Credit: blousetrends**)

ब्लाउज पर अटैच कराएं मैचिंग नेट या लेस : स्लीव्स को और भी ज्यादा ट्रेंडी लुक देने के लिए आप कुछ इस तरह का डिजाइन पिक कर सकती हैं। इसमें ब्लाउज की स्लीव्स से मैचिंग नेट फैब्रिक या फिर शियर लेस को अटैच किया गया है, जो स्लीव्स को और भी ज्यादा फैंसी लुक दे रहा है।

लीफ शेप कट वर्क स्लीव्स: ब्लाउज की स्लीव्स पर आप कुछ इस तरह का लीफ शेप कट वर्क भी करा सकती हैं। ये भी देखने में काफी ज्यादा यूनिक और ट्रेंडी लगेगा। अगर आपको अपना ब्लाउज थोड़ा सिंपल ही रखना है, तो ये पैटर्न बेस्ट है।

यूनिक स्लीव्स डिजाइन : स्लीव्स को थोड़ा सा यूनिक टच देना चाहती हैं तो ये डिजाइन बेस्ट रहेगा। इसमें ब्लाउज के फैब्रिक का ही इस्तेमाल कर के बो शेप क्रिएट किया गया है, जो काफी ब्यूटीफुल लग रहा है। पर्ल और बीड्स की मदद से आप अपने लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत बना सकती हैं।

कार्नर न्यूज

हर पूजा-पाठ और शुभ काम में मेहंदी लगाना माना जाता है अच्छा

इस महाशिवरात्रि हाथों पर रचाएं शिव-पार्वती के नाम की मेहंदी

इस साल 26 फरवरी के दिन महाशिवरात्रि का त्योहार मनाया जा रहा है, जिसका सनातन धर्म में काफी महत्व है। महाशिवरात्रि की धूम कई-कई दिन पहले से बाजारों में दिखने लगती है। लोग इस दिन महादेव को प्रसन्न करने के लिए पूजा-अर्चना करते हैं और व्रत-अपवास रखते हैं। महिलाएं खूब सज-संवर के पूजा करने मंदिर जाती हैं। आप चाहें तो इस दिन अपने हाथों पर महादेव और मां पार्वती के नाम की मेहंदी लगा सकती हैं। हिंदू धर्म में वैसे भी हर पूजा-पाठ और शुभ काम में मेहंदी लगाना अच्छा माना जाता है। ऐसे में महाशिवरात्रि की पूजा में भी आप हाथों पर मेहंदी रचा सकती हैं। यहां हम आपको ऐसी डिजाइन्स दिखाने जा रहे हैं, जो महाशिवरात्रि के मौके के लिए परफेक्ट हैं।

महादेव और मां पार्वती की तस्वीर बनवाएं

यदि आपको भरे हाथ मेहंदी रचाना पसंद है तो ये डिजाइन आपके लिए बेहतर रहेगी। इसमें आपको अपने एक हथेली में महादेव की तस्वीर बनानी है तो वहीं दूसरी हथेली पर मां पार्वती की तस्वीर बनाएं। इस मेहंदी को लगाते समय यदि ज्यादा थोड़ा मोटा रखेंगी तो इसका रंग ज्यादा चढ़ेगा।

लिखवाएं हर-हर महादेव

हर-हर महादेव भोलेनाथ के नाम का जयकारा है, जिससे महाशिवरात्रि पर घर और शिवालय गूंज उठते हैं। ऐसे में महाशिवरात्रि की मेहंदी में आप अपनी हथेली पर हर-हर महादेव के साथ हैप्पी महाशिवरात्रि भी लिखवा सकती हैं। इसके साथ महादेव की तस्वीर अवश्य बनाएं।

मंदिर में पूजा करती महिला की तस्वीर बनवाएं

महाशिवरात्रि के दिन शिवालयों में महिलाएं पूजा करने जाती हैं। ऐसे में आप अपने हथेली पर शिवलिंग की पूजा करती महिला की तस्वीर बना सकती हैं। दूसरी हथेली पर मंदिर बनाते समय लिखवाएं ओम नमः पार्वती पतये। इससे भी आपकी मेहंदी कमाल की लगेगी।

शिव मंदिर की तस्वीर बनवाएं

बात जब महाशिवरात्रि की हो रही हो और केदारनाथ का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। ऐसे में आप अपनी मेहंदी में एक साइड केदारनाथ मंदिर की तस्वीर बनवा सकती हैं। इसके अलावा दूसरे हाथ पर त्रिशूल और डमरू की तस्वीर बनाएं।

शिवलिंग बनवाएं

यदि आपके पास मेहंदी लगाने का ज्यादा समय नहीं है तो हथेली पर शिवलिंग बनवाएं। इसे बनवाने में ज्यादा मेहनत नहीं लगेगी। इसे आप खुद भी लगा सकती हैं। इसके साथ शिवलिंग के नीचे की तरफ ओम नमः शिवाय अवश्य लिखवाएं।